4	महाराष्ट्र (औरंगाबाद)	**आईसीटी उपकरणों के माध्यम से ई–सेवाओं में वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान/कार्यक्रम।** यह परियोजना नाइलिट केंद्र, औरंगाबाद द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता धनराशि रु. 532.98 लाख के परिव्यय सहित दो वर्ष की अवधि के लिए कार्यान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में बुजुर्गों के बीच जागरूकता लानी है जो स्वास्थ्य निगरानी संबंधी आवश्यकता, व्यक्तिगत जानकारी की आवश्यकता, सामाजिक व आवागमन की आवश्यकता, सुरक्षा और गोपनीय आवश्यकताओं के अतिरिक्त खाली समय, विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के विषय में बुजुर्गों को संवेदनशील बनाना, उन्हें विभिन्न कानूनों, अधिनियमों तथा व्यक्तिगत कानूनों के विषय में उनकी सुरक्षा, स्मार्ट फोन के उपयोग, सावधानियों के लिए अधिनियमित और आम धोखाधड़ी से सुरक्षा, निवारक और उपचारात्मक स्वास्थ्य देखभात्र सूचित करना तथा बुजुर्ग व्यक्तियों की कल्याण हेतु योग और फिटनेस व्यायाम का संचालन करना है।	532.98 लाख

5	चेन्नई, हरिद्वार, पटना और दिल्ली	**अनसचित जाति/अनसचित जाति से संबंधित अभियांत्रिकी उत्तीर्ण विद्यार्थियों का स्वरोजगार क्षमता निर्माण,** निम्नलिखित उद्देश्यों सहित तीन (03) वर्षों की अवधि में धनराशि रु. 443.73 लाख के बजट परिव्यय के साथ प्रशासनिक अनमोदन संख्या एल–406/2/2024–एचआरडी दिनांक 30/03/202, द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौदयोगिकी मंत्रालय दवारा प्रायोजित नाइलिट केंद्र, पटना, चेन्नै, हरिद्वार, तथा नाइलिट केंद्र, दिल्ली दवारा कार्यान्वित की जानी है: 1) अनसचित जाति/अनसूचित जनजाति समुदाय की बेरोजगारी दर को कम करना। 2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित इंजीनियरिंग उत्तीर्ण छात्रों का क्षमता निर्माण करना। 3) आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के उभरते क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित इंजीनियरिंग उत्तीर्ण छात्रों का कौशल में अभिवृद्धि करना। 4) उन्हें बढ़ते बाजार में अवसरों का लाभ उठाने हेतु सक्षम बनाना। 5) उनके रोजगार कौशल में सुधार करना। देश के लिए मानव संसाधन क्षमता का विकास करना।	443.73 लाख
6	नागालैंड, मणिपुर व मिजोरम	**"फोरेंसिक सेवाओं के साथ–साथ रिमोट फोरेंसिक्स का अधिग्रहण और डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण प्रदान करने के लिए स्टेट ऑफ आर्ट डिजिटल फोरेंसिक डेटा केंद्र की स्थापना,** उत्तर–पूर्व राज्यों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण सेवाओं की स्थापना" दो वर्षीय परियोजना हैं। यह परियोजना नाइलिट कोहिमा, नाइलिट इम्फाल और नाइलिट आइजोल द्वारा संयुक्त रूप से एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से क्रियान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य है : 1) आवश्यक डिजिटल फोरेंसिक उपकरणों के साथ डिजिटल फोरेंसिक डाटा केंद्र की स्थापना व उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए वर्चुअल प्रौद्योगिकी अवधारणा सहित संसाधनों को साझा करके फोरेंसिक सेवाओं की पेशकश करना है।	401.14 लाख

7	अगरतला	**नाइलिट अगरतला द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन संख्या एल–14011/11/202–एचआरडी दिनांक 26/03/2021 द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाले रोजगार के अवसरों और कौशल को बढ़ाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण।** परियोजना को नाइलिट अगरतला द्वारा 248.05 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से तीन (03) वर्षों की अवधि में निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है। 1) परियोजना का मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियां करना है । 2) परियोजना का उद्देश्य मुद्रित सर्किट बोर्ड डिजाइनिंग, विश्लेषण और विनिर्माण तकनीकों, क्लाउड कंप्यूटिंग और वर्चुअलाइजेशन, मल्टीमीडिया विकास, एंड्रॉइड ऐप डेवलपमेंट में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करके त्रिपुरा के युवाओं के बीच उद्यमशीलता और सतत विकास को सक्षम करना है।	248.05 लाख
8	केरल	**प्रशासनिक अनुमोदन संख्या 1(5)/2015–एमई व एचआई दिनांकित 28.09.2015" द्वारा "स्वदेशी रंग डॉपलर अल्ट्रासाउंड स्कैनर" के साथ पीएनडीटी का अनुपालन।** यह परियोजना एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से नाइलिट कालीकट द्वारा पीएनडीटी अनुपालन सहित स्वदेशी रंग डॉपलर अल्ट्रासाउंड स्कैनर प्रोटोटाइप का डिजाइन और विकास के उद्देश्य से कार्यान्वित की जा रही है।	243.56 लाख
9	पश्चिम बंगाल	यह परियोजना आईटी तथा उपकरण एवं पीएमयू जनसाधारण के लिए आईटी का उपयोग करके "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के युवाओं तथा महिलाओं का सशक्तिकरण करने हेतु दो वर्ष के लिए है। यह परियोजना एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता सहित, आजीविका संबंधी गतिविधियों व रोजगार सृजन/उद्यमिता विकास के क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु कार्यात्मक आईटी पर अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से नाइलिट कोलकाता (पश्चिम बंगाल के 2 चयनित जिले नामतः दार्जिलिंग और अलीपुरद्वार) द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।	241.76 लाख

10	केरल और कर्नाटक	**केरल और कर्नाटक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सशक्तिकरण हेतु कौशल प्रशिक्षण।** यह परियोजना नाइलिट केंद्र कालीकट द्वारा दो साल की अवधि तक धनराशि रु.1,92,48,450/– के परिव्यय सहित एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य केरल और कर्नाटक के चयनित जिलों में सरकारी और निजी क्षेत्रों में भी उद्यमशीलता क्षमता को बढ़ाने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1500 अभ्यर्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है।	192.48 लाख
11	असम	**चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रयोगशाला की स्थापना।** यह परियोजना नाइलिट गुवाहाटी के सिलचर विस्तार केन्द्र, द्वारा तीन साल की अवधि में, धनराशि रु.1.62 करोड़ (एमईआईटीवाई का धनराशि रु.1.02 करोड़ तथा नाइलिट का धनराशि रु.59.73 लाख का योगदान) के परिव्यय सहित एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य असम के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की उपकरण मरम्मत और रखरखाव करना ताकि अस्पताल के खराब उपकरणों के कारण मरीजों को हो रही परेशानी का हल करने हेतु सिलचर विस्तार केंद्र में चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला स्थापित करना है।	162 लाख
12	त्रिपुरा	**"प्रशासनिक अनुमोदन संख्या एल–14011/5/2018–एचआरडी दिनांकः 28 मार्च, 2019 द्वारा नाइलिट अगरतला द्वारा" त्रिपुरा के बेरोजगार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं का कौशल विकास प्रशिक्षण"।** यह परियोजना एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से नाइलिट अगरतला द्वारा कार्यान्वित जा रही है जिसका उद्देश्य एनएसक्यूएफ संरेखित पाठ्यक्रमों की 06 संख्या में त्रिपुरा के 1940 बेरोजगार अनुसूचित जाति एवं जनजाति अभ्यर्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करते हुए त्रिपुरा के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं के बीच उद्यमशीलता और दीर्घकालिक रूप से सक्षम बनाए रखना है अर्थातः (i) प्रमाणित ग्राफिक डिजाइनर (520 अभ्यर्थी), डाटा प्रविष्टि और कार्यालय स्वचालन (640 अभ्यर्थी), मरम्मत और रखरखाव ईसीजी और आईसीसीयू उपकरण (80 अभ्यर्थी), दूरसंचार तकनीशियन–पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग (360 अभ्यर्थी), मरम्मत और बिजली की आपूर्ति, इन्वर्टर और यूपीएस (80 अभ्यर्थी) का रखरखाव और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स की मरम्मत प्रतिस्थापना (260 अभ्यर्थी)।	131ण58 सी

13	दिल्ली	**आईसीटी का उपयोग कर क्षमता निर्माण के माध्यम से दिल्ली एनसीआर के अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों हेतु आजीविका गतिविधियों में वृद्धि करना।** यह परियोजना निम्नवत उद्देश्य के साथ धनराशि रु.1,13,33,280/– के परिव्यय पर एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से नाइलिट केन्द्र, दिल्ली द्वारा क्रियान्वित की जा रही है:– 1) आईटीआई मल्टीमीडिया तथा एनिमेशन/डेटा एंट्री और ऑफिस ऑटोमेशन के क्षेत्र में आईसीटी पेशेवरों के रूप में अनुसूचित जाति समुदाय के संभावित अभ्यर्थियों के बीच समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। 2) अनुसूचित जाति समुदाय के अभ्यर्थियों के बीच आईटी जागरूकता सृजन करना है। 3) आईसीटी क्षेत्र में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना। 4) दिल्ली राज्य के आईसीटी क्षेत्र में अनुसूचित जाति समुदाय के उद्यमियों को बढ़ावा देना है।	113.33 लाख
14	महाराष्ट्र (औरंगाबाद)	नाइलिट केंद्र, औरंगाबाद द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से "नाइलिट–सीआईआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किल्स" शीर्षक वाली एक वर्षीय परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य देश के युवा के शिक्षण परिणामों में सुधार तथा उद्योग की जरूरतों को पूर्ण व रोजगार क्षमता में वृद्धि करते हुए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करना है।	108.46 लाख
15	मणिपुर	**"प्रशासनिक अनुमोदन संख्या. एल–14011/2/2018–एचआरडी दिनांकः 26 मार्च, 2019" द्वारा नाइलिट केंद्र, इम्फाल द्वारा नाइलिट की कंप्यूटर अवधारणा (सीसीसी) आधारित पाठ्यक्रम को मणिपुर में दृष्टिबाधित व्यक्तियों का प्रशिक्षण" आयोजित किया जाना है।** यह परियोजना नाइलिट केंद्र, इम्फाल द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से क्रियान्वित की जा रही है जिसका उद्देश्य एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में सॉफ्ट स्किल्स के साथ नाइलिट के सीसीसी पाठ्यचर्या को सम्मिलित करते हुए 200 घंटे की अवधि (4–सप्ताह/1 माह) सहित कंप्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम पर मणिपुर राज्य के 200 नेत्रहीन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित करना है। यह प्रशिक्षण ब्रेल रिफ्रेशेबल कीबोर्ड के साथ "श्रुति दृष्टि" शीर्षक आधारित स्पीच सॉफ्टवेयर में भारतीय टेक्स्ट का उपयोग करके संचालित किया जा रहा है जिससे नेत्रहीन छात्रों को प्रशिक्षित किया जा सके।	30.208 लाख

16	असम, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल।	**रोजगार क्षमता में अभिवृद्धि करते हुए आईईसीटी के क्षेत्र में आकांक्षी जिलों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ईडब्ल्यूएस (महिला) युवाओं का कौशल विकास करना।** प्रशासनिक अनुमोदन संख्याः एफ.सं.14011/10/2019–एचआरडी दिनांक 28 फरवरी, 2020 द्वारा यह परियोजना 3 वर्ष की अवधि हेतु आईटी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 60 आकांक्षी जिलों के संबंधित 21,600 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ईडब्ल्यूएस (महिला) युवाओं का कौशल विकास प्रशिक्षण के संचालन का कार्य सौंपा गया था। प्रशिक्षण चार पाठ्यक्रमों (एनएसक्यूएफ संरेखित) में दिया जाएगा, अर्थात (i) डाटा एंट्री तथा ऑफिस ऑटोमेशन में सर्टिफिकेशन कोर्स (135 घंटे); (ii) कंप्यूटर एप्लीकेशन अकाउंटिंग में एडवांस डिप्लोमा तथा प्रकाशन (200 घंटे); (iii) उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की स्थापना और मरम्मत में डिप्लोमा (350 घंटे); (iv) सोलर–एलईडी प्रकाश उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण (350 घंटे)।	29.81 करोड़
17	नागालैंड	**पूर्वोत्तर राज्यों में साइबर फोरेंसिक प्रशिक्षण सह जांच प्रयोगशाला का विकास तथा क्लाउड आधारित केंद्रीकृत साइबर फोरेंसिक लैब इंफ्रास्ट्रक्चर।** यह परियोजना नाइलिट केंद्र, कोहिमा द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिए धनराशि रु.16.9220 करोड़ (नाइलिट, कोहिमा की धनराशि रु.9.2040 करोड़ तथा सीडैक, कोलकाता की धनराशि रु.7.7180 करोड़) के परिव्यय सहित एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से कार्यान्वित की जा रही है। जिसका निम्नवत उद्देश्य है:– 1) 8 उत्तर पूर्वी राज्यों में साइबर फोरेंसिक प्रशिक्षण मय जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना करना। 2) प्रत्येक प्रस्तावित राज्य में आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न हितधारकों का क्षमता निर्माण जैसेः पुलिस अधिकारी, अभियोजक, न्यायाधीश, जांच अधिकारी। 3) विभिन्न हितधारकों हेतु पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या का डिजाइन तथा विकास और इसकी प्रदायगी।	16.922 करोड़

कुछ उल्लेखनीय परियोजनाएँ

आय बनाम व्यय
(एनपीआर परियोजना को छोड़कर)



अधिशेष
(एनपीआर परियोजना को छोड़कर)



गतिविधि के अनुसार राजस्व सृजन वर्ष 2020–21 के लिए

कुल : **368.55** (रु. करोड़ में)

विवरण व्यय का हिस्सा वर्ष 2020–21 के लिए

कुल : **354.44** (रु. करोड़ में)

नाइलिट केन्द्र

43 केन्द्र



अगरतला

कार्मिकः
नियमितः 13
संविदात्मक/परियोजना आधारितः 45

कारोबारः
581.18 लाख रुपये

प्रभारी निदेशकः
श्री अनुराग माथुर

पताः
नाइलिट अगरतला आर.के. नगर
(निप्को के विपरीत)
खयरपुर, अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा,
पी.एस.– बोधजंगनगर,
त्रिपुरा–799008

सम्पर्क के ब्यौरेः
मोः 8794822459
ई–मेलः dir-agartala@nielit.gov.in
वेबसाइटः www.nielit.gov.in/agartala

क्षेत्राधिकार राज्यः
त्रिपुरा

केंद्र का इतिहासः
केंद्र की प्रारंभिक प्रशिक्षण सुविधा का दिनांक 10 फरवरी, 2009 को उद्घाटन किया गया है। केंद्र के स्थायी परिसर का निर्माण 15 एकड़ जमीन पर किया गया है और यह 1 जनवरी, 2016 से परिचालन में है । परिसर में अकादमिक ब्लॉक (जी+3), प्रशासनिक ब्लॉक (जी+2), कार्यशाला, छात्रों का छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और वाहन पार्किंग है ।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः
- सूचना सुरक्षा
- साइबर फोरेंसिक
- मेडिकल इलेक्ट्रॉनिकी
- वेब/सॉफ्टवेयर विकास
- क्लाउड कम्प्यूटिंग एवं एप डेवलपमेंट
- ई–शासन
- सौर (संस्थापन/मरम्मत/रखरखाव)
- पीसीबी डिजाइन एवं एनालिसिस

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः

क) अल्प अवधि पाठ्यक्रम
- कम्प्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- कम्प्यूटर एप्लिकेशन लेखांकन तथा प्रकाशन में उन्नत डिप्लोमा
- आईटीईएस बीपीओ, सॉफ्ट स्किल्स तथा संचार अंग्रेजी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम कम्प्यूटर एप्लिकेशन में प्रमाणपत्र (सीसीए)
- प्रिंटेड सर्किट बोर्ड डिजाइन, विश्लेषण और निर्माण तकनीक पर प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- प्रमाणित क्लाउड कंप्यूटिंग और वर्चुअलाइजेशन विशेषज्ञ
- प्रमाणित मल्टीमीडिया डेवलपर
- प्रमाणित एंड्रायड एप्स डेवलपर
- प्रमाणित ग्राफिक डिजाइनर
- डाटा प्रविष्टि और कार्यालय स्वचालन
- बिजली आपूर्ति, इन्वर्टर और यूपीएस की मरम्मत और रखरखाव

ख) दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
- बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन (बीसीए)
- कम्प्यूटर साइन्स एवं टेक्नोलाजी में डिप्लोमा (डीसीएसटी)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीईटीई)
- नाइलिट 'ओ' स्तर
- सीएचएम 'ओ' स्तर

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- नाइलिट अगरतला ने राज्य लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान (एसआईपीएआरडी), त्रिपुरा सरकार के सहयोग से अगस्त 2020 के दौरान ''साइबर अपराध से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा'' पर ऑनलाइन साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। विभिन्न विभागों के सरकारी कार्मिक प्रशिक्षण में शामिल हुए।
- इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आईएसईए परियोजना चरण–II के तहत 'सूचना सुरक्षा' पर सितंबर 2020 के दौरान एक सप्ताह की राष्ट्रीय स्तर की ई–कार्यशाला आयोजित की गई। कुल 137 प्रतिभागी (अंतर्राष्ट्रीयः 01, राष्ट्रीयः 13, त्रिपुराः 123) पंजीकृत और शामिल हुए।
- आईओटी और सुरक्षा चुनौतियों पर अक्टूबर 2020 के दौरान एक सप्ताह की राष्ट्रीय स्तर की ई–कार्यशाला आयोजित की गई। भारत के 25 राज्यों के कुल 80 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और इसमें शामिल हुए।
- भारतीय वायु सेना की एसटीएआर (एयरमैन भर्ती के लिए निर्धारित परीक्षा) परीक्षा 4 नवंबर 2020 को नाइलिट अगरतला में आयोजित की गई । परीक्षा में कुल 100 परीक्षार्थी उपस्थित हुए ।
- दिसंबर 2020 के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी निदेशालय, त्रिपुरा सरकार के अधिकारियों के लिए ब्लेंडेड मोड में (20 घंटेः ऑनलाइन और 30 घंटे ऑफलाइन लैब में) एंड्रॉइड ऐप डेवलपमेंट पर 14 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) के तहत दिसंबर 2020 के दौरान खोवाई, पद्माबिल और तुलसीखर आर डी ब्लॉक अधिकारियों का कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।प्रशिक्षण जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर कार्यालय, खोवाई, त्रिपुरा सरकार द्वारा प्रायोजित है।
- फरवरी 2020 के दौरान कृषि और किसान कल्याण विभाग, त्रिपुरा सरकार के लिए केवीके (कृषि विज्ञान केंद्र) के विभिन्न पदों की भर्ती के लिए 3000 अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की।
- फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्रोजेक्ट के तहत सरकारी अधिकारियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण मार्च 2021 के दौरान ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया।
- वर्ष के दौरान विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए लिनक्स, अपाचे, एमवाई एसक्यूएल, पीएचपी (एलएएमपी), सिस्को, प्रोग्रामिंग एसेंशियल्स इन पायथन, ऑटोकैड और सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण पर ऑनलाइन औद्योगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

आइजोल

कार्मिक:
नियमित: 20
संविदात्मक / परियोजना आधारित: 24

कारोबार:
369.08 लाख रुपये

प्रभारी निदेशक:
श्री टी. गुनेन्द्र सिंह

पता:
नाइलिट आइजोल, औद्योगिक क्षेत्र,
जुआंगतुई, आइजोल, मिजोरम, पिन–796017

सम्पर्क के ब्यौरे:
दूरभाष: 0389–2350581,
फैक्स: 0389–2350582,
ई–मेल: dir-aizawl@nielit.gov.in
वेबसाइट: www.nielit.gov.in/aizawl/

क्षेत्राधिकार राज्य
मिजोरम

विस्तार केंद्र
लुंगलेई

केंद्र का इतिहास:
नाइलिट आइजोल की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। यह भारत में आठवां और उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में तीसरा केंद्र है। इसका उद्देश्य मिजोरम के युवाओं को आईईसीटी के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण तक आसान पहुंच प्रदान करना है। स्थापना के बाद से, नाइलिट आइजोल ने औपचारिक और गैर–औपचारिक पाठ्यक्रमों में 40,000 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है। पुकपुई, लुंगलेई में एक विस्तार केंद्र भी वर्ष 2013 में स्थापित किया गया था और इसने 5000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

उत्कृष्टता का क्षेत्र:
सॉफ्टवेयर विकास, मशीन लर्निंग, कंप्यूटर नेटवर्क और साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, संचालन, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर पैनल का संस्थापन और रखरखाव।

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम:

अल्प अवधि पाठ्यक्रम

- कम्प्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- कार्यालय स्वचालन में प्रमाणित पाठ्यक्रम(सीसीओए)
- वेब डिज़ाइनिंग में प्रमाणित पाठ्यक्रम
- पीसी असेंबली तथा रखरखाव में प्रमाणित पाठ्यक्रम
- डाटा प्रविष्टि तथा कार्यालय स्वचालन में प्रमाणित पाठ्यक्रम
- लिनक्स, अपाचे में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- एमवाईएसक्यूएल तथा पीएचपी
- टैली के उपयोग से वित्तीय लेखांकन

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

- नाइलिट 'ए' स्तर
- नाइलिट 'ओ' स्तर
- कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीसीएसई)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (डीईटीई)
- बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन (बीसीए)
- मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन (एमसीए)

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- नाइलिट आइजॉल द्वारा एमसीए, बीसीए, डिप्लोमा इंजीनियरिंग (डीईटीई और डीसीएसई), ओ–स्तर, ए–स्तर, सीसीसी और अन्य नाइलिट अल्प–अवधि पाठ्यक्रमों में अब तक कुल 46,657 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया था।
- परियोजना "पूर्वोत्तर राज्यों के लिए दूरस्थ फोरेंसिक लाइव अधिग्रहण और डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण, आमासी प्रशिक्षण सेवाओं सहित फोरेंसिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल फोरेंसिक डेटा केंद्र की स्थापना" वर्तमान में नाइलिट आइजॉल में निष्पादित की जा रही है।
- प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा) योजना के तहत नाइलिट आइजॉल द्वारा कुल 87,552 उम्मीदवारों को दूरस्थ रूप से प्रॉक्टर किया गया था।
- केंद्र ने मिजोरम सरकार और मिजोरम आईटी सोसाइटी के सहयोग से कोविड–19 महामारी के दौरान कॉलेज, हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल और मिडिल स्कूल के शिक्षकों को "ऑनलाइन क्लास के लिए आईटी टूल्स" में प्रशिक्षित किया है।
- नाइलिट आइजॉल ने सरकारी रंगबाना कॉलेज, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान आइजोल और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कोलासिब के लिए ई–लर्निंग प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और प्रबंधन किया है।
- नाइलिट आइजोल द्वारा निम्नलिखित कार्यशालाओं और वेबिनार का आयोजन किया गया:
  - 24 सितंबर 2020 को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी), आइजोल में "ई–लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम और एनईपी 2020" पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
  - 22 सितंबर 2020 को शासकीय रंगबाना कॉलेज में "ऑनलाइन शिक्षण पद्धति" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
  - 24 से 25 सितंबर 2020 के दौरान गवर्नमेंट टी रोमाना कॉलेज में "आईसीटी आधारित टीचिंग–लर्निंग प्लेटफॉर्म" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
  - सितंबर 2020 के दौरान गवर्नमेंट रंगबाना कॉलेज, गवर्नमेंट मिजोरम लॉ कॉलेज और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी), कोलासिब में "ई–लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम का उपयोग" पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।
  - जून 2021 के महीने के दौरान मिजोरम विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए कंप्यूटर नेटवर्किंग पर औद्योगिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।
- नीट, यूजीसी नेट, बैंक, रेलवे, मिजोरम सरकार के तहत भर्ती जैसी ऑनलाइन परीक्षाएं नाइलिट आइजोल में आयोजित की गईं
- वर्तमान में नाइलिट आइजोल द्वारा निम्नलिखित परियोजनाओं का निष्पादन किया जा रहा था:–
  - पूर्वोत्तर राज्यों को दूरस्थ फोरेंसिक लाइव अधिग्रहण और डिजिटल साक्ष्य का विश्लेषण, आमासी प्रशिक्षण सेवाओं सहित फोरेंसिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक डिजिटल फोरेंसिक डेटा सेंटर की स्थापना।
  - आईईसीटी क्षेत्र (आइजॉल) में प्रशिक्षण और शिक्षा क्षमता को बढ़ाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास।
  - आईईसीटी क्षेत्र (लुंगलेई) में प्रशिक्षण और शिक्षा क्षमता को बढ़ाकर पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास।

आइजोल

अजमेर

कार्मिकः
नियमितः 03
संविदात्मक/परियोजना आधारितः 18

कारोबारः
380.02 लाख रुपये

प्रभारी निदेशक
श्री. यशपाल गोगिया

पता
नाइलिट अजमेर, तहसील–केकड़ी,
अजमेर कोटा रोड,
राजस्थान–305408

सम्पर्क के ब्यौरेः
ई–मेलः dir-ajmer@nielit.gov.in
वेबसाइटः www.nielit.gov.in/ajmer

क्षेत्राधिकार राज्य
राजस्थान और गुजरात

विस्तार केंद्र
पाली

केंद्र का इतिहासः
इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और संबंधित क्षेत्र में कौशल जनशक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से, नाइलिट अजमेर की स्थापना एमईआईटीवाई द्वारा प्रदान किए गए अनुदान के तहत और राजस्थान राज्य सरकार द्वारा बिना किसी लागत के दी गई भूमि के साथ की गई है। केंद्र ने वर्ष 2010 में अपना कार्य शुरू किया और मार्च 2015 को अपने स्थायी परिसर में चला गया, जो तहसील केकड़ी के पास अजमेर कोटा रोड पर 42.00 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। केंद्र आईटी के तहत नाइलिट ओ और ए स्तर के पाठ्यक्रम, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी में लघु अवधि के कौशल उन्मुख पाठ्यक्रम, ईएसडीएम, पीएमवीकेवाई आदि जैसे विभिन्न कौशल परियोजनाओं में भागीदारी और डीएलसी परीक्षा की निगरानी के द्वारा अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः
- सौर ऊर्जा प्रणाली
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः

अल्प अवधि पाठ्यक्रम
- कम्प्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- बेसिक कम्प्यूटर पाठ्यक्रम
- वेब डिज़ाइनिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- सौर ऊर्जा संस्थापन, संचालन तथा रखरखाव
- कम्प्यूटर एप्लिकेशन लेखांकन तथा प्रकाशन में उन्नत डिप्लोमा
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- आईओटी में पीजी डिप्लोमा

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
- नाइलिट 'ओ' स्तर
- नाइलिट 'ए' स्तर

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- नाइलिट अजमेर राजस्थान और गुजरात राज्य में डीएलसी (सीसीसी/बीसीसी/सीसीसीपी/ईसीसी) परीक्षा की निगरानी का कार्य कर रहा है। वर्ष 2020–21 में नाइलिट डीएलसी पाठ्यक्रमों में कुल 11,098 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।
- रोजगार महानिदेशालय द्वारा प्रायोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत, नाइलिट अजमेर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को दो दीर्घकालीन गैर–औपचारिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, अर्थात् क) सीएचएम ओ स्तर और ख) आईटी ओ स्तर। प्रशिक्षण दो स्थानों, सूरत (गुजरात) और जयपुर (राजस्थान) में आयोजित किया जाता है। इस शैक्षणिक वर्ष में इस योजना के तहत कुल 650 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।
- केंद्र द्वारा आयोजित गुजरात के अहमदाबाद में एनआईसी परीक्षा में कुल 13,053 अभ्यर्थी उपस्थित हुए।
- केंद्र ने 'सौर–एलईडी प्रकाश उत्पाद (डिजाइन और विनिर्माण) में उद्यमिता विकास' परियोजना में भाग लिया है, जिसके तहत केंद्र में व्यावहारिक भाग का संचालन किया जाएगा। अन्य नाइलिट केंद्र भी परियोजना के लिए भागीदार केंद्र के रूप में कार्य कर रहे हैं।

अजमेर

औरंगाबाद

कार्यकारी समिति की बैठकें:
13.11.2020 को बैठक संपन्न हुई।

कार्मिक:
नियमित: 37
संविदात्मक/परियोजना आधारित: 10

कारोबार:
972.5 लाख रुपये

कार्यकारी निदेशक:
डॉ. संजीव कुमार गुप्ता

पता:
नाइलिट औरंगाबाद, डॉ.बी.ए.एम.
विश्वविद्यालय परिसर, औरंगाबाद
महाराष्ट्र– 431004

सम्पर्क के ब्यौरे:
दूरभाष.: 0230–2982021, 2982022
फैक्स: 0230–2982050
ई–मेल: dir-aurangabad@nielit.gov.in
वेबसाइट: www. nieit.gov.in/aurangabad

क्षेत्राधिकार राज्य:
महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़

केंद्र का इतिहास:
इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा मराठवाड़ा औद्योगिक निगम, महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर डॉ. बीएएम विश्वविद्यालय परिसर में सीईडीटी के नाम से यह केन्द्र 19 सितम्बर, 1986 को निम्नलिखित उद्देश्यों से स्थापित किया गया था:

- उत्पाद डिजाइन, विकास, विनिर्माण, रखरखाव तथा सूचना प्रौद्योगिकी हेतु जनशक्ति का प्रशिक्षण
- उद्योगों, अनुसंधान एवं विकास केन्द्रों और शैक्षिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना
- उत्पाद विकास, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श की वचनबद्धता
- नेतृत्व गुणों को बढ़ाने, पेशेवर / नैतिकगुणों को जागृत करने, प्रभावी रूप से बनाए रखने, प्रभावी रूप से टीम कार्य कौशल, बहुआयामी दृष्टिकोण,इंजीनियरिंग विशेषज्ञता के साथ, सॉफ्ट कौशल के साथ 'उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण बनाकर प्रशिक्षुओं को सामाजिक रूप से जिम्मेदार 'सक्षम कुशल पेशेवर' के रूप में रूपांतरित करना ।

उत्कृष्टता का क्षेत्र:
साइबर–फिजिकल सिस्टम्स, एम्बेडेड सिस्टम और आईओटी

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम:

क) अल्प अवधि पाठ्यक्रम

- एंड्रायड एप्लिकेशन डेवलपर में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- वेब डिजाइनिंग में प्रमाणित पाठ्यक्रम
- बिग डाटा में उन्नत डिप्लोमा
- अर्डूइनों आधारित एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- सीसीएनए
- एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग/3डी प्रिंटिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- प्रमाणित मल्टी मीडिया डेवलपर

ख) दीर्घकालिक पाठ्यक्रम

- इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन प्रौद्योगिकी में एम.टेक
- इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और रखरखाव में बी.टेक
- इलेक्ट्रॉनिकी प्रॉडक्शन तथा रखरखाव में डिप्लोमा (3वर्ष) (डीईपीएम)

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'आईटीसी टूल्स के माध्यम से ई–सेवाओं में वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान/कार्यक्रम' का कार्यान्वयन–इस कार्यक्रम के तहत, वरिष्ठ नागरिकों को स्मार्ट फोन के उपयोग, ऑनलाइन पैसे के लेनदेन, विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, टिकट कैसे बुक करें, कैब आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है। ऑनलाइन प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाता है और मराठी में भी आयोजित किया जाता है।
- केंद्र परियोजना 'अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ईडब्ल्यूएस युवाओं के कौशल विकास को रोजगार में आईईसीटी अग्रणी संवर्धन के क्षेत्रों में आकांक्षी जिलों में लागू कर रहा है' जिसके तहत दो पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है; (i) डाटा प्रविष्टि और कार्यालय स्वचालन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम और (ii) कंप्यूटर एप्लीकेशन लेखांकन और प्रकाशन में उन्नत डिप्लोमा।
- इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'नाइलिट इज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किल्स (एनआईसीसीएस)' का कार्यान्वयन –प्रस्तावित सीओई व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए एक सहयोगी शिक्षण स्थान है और परिसर में स्थित है।कार्यक्रम के तहत, दो पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं; (i) हेल्थकेयर असिस्टेंट और (ii) औद्योगिक प्रौद्योगिकी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम
- फ्यूचर स्किल्स 'प्राइम' परियोजना का कार्यान्वयन – रोजगार के लिए आईटी जनशक्ति के पुनः कौशल/अप–कौशल के लिए कार्यक्रम – केंद्र रोबोटिक्स प्रक्रिया स्वचालन में एक प्रमुख संसाधन केंद्र के रूप में और एसएमएसी, आईओटी और 3 डीप्रिंटिंग में सह–प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है।
- 28 सितंबर 2020 को सचिव इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, श्री अजय प्रकाश साहनी, डॉ. जयदीप कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और महानिदेशकनाइलिट, श्री आयुष प्रसाद, आईएएस सीईओ, जिला परिषद पुणे और नाइलिट और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और ब्लॉक फैसिलिटेटर और आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कोविड साथी पाठ्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया।

भुवनेश्वर

कार्मिकः
नियमितः 02

कार्यकारी निदेशकः
श्री.वी. कृष्णमूर्ति

पताः
नाइलिट भुवनेश्वर, तीसरी मंजिल, उत्तरी साइड, ओसीएसी टावर, आचार्य विहार, भुवनेश्वर, ओडिशा–751013

सम्पर्क के ब्यौरेः
ई–मेलः dir-bbsr@nielit.gov.in
वेबसाइटः www. nielit.gov.in/bhubaneswar

क्षेत्राधिकार राज्यः
ओडिशा

केंद्र का इतिहासः
नाइलिट भुवनेश्वर की स्थापना (इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुमोदन से) नाइलिट के आंतरिक संसाधनों से की गई थी। ओडिशा सरकार ने तृतीय तल, उत्तर दिशा की ओर, ओसीएसी टावर, आचार्य विहार, भुवनेश्वर में निःशुल्क रूप से कुल क्षेत्रफल 5207 वर्गफीट सहित स्थान आवंटित किया है । केंद्र केंद्रीय रूप से स्थित और शहर के अन्य भाग, निकटतम शहरों से जुड़ा हुआ है। यह केंद्र मेंटर सेंटर नाइलिट कोलकाता के तहत संचालित हो रहा है।नवीनीकरण का कार्य सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था और इसे 31/08/2021 को सीपीडब्ल्यूडी द्वारा सौंप दिया गया था। साथ ही, राज्य सरकार ने नाइलिट भुवनेश्वर के स्थायी परिसर के निर्माण के लिए 15 एकड़ भूमि के आवंटन को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी है।

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः
- केन्द्र का संचालित होना अभी शेष है।

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- क्षमता निर्माण पर विभिन्न परियोजनाओं/योजनाओं को ओडिशा राज्य में प्रत्यायित संस्थानों और प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से निम्नानुसार चलाया जाता है:
- रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित एसटी/एससी जॉबसीकर्स योजनाः कार्यक्रम के तहत, राज्य में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बेरोजगार युवाओं को दीर्घकालिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्ष में दो अलग–अलग बैच दो पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित किए गए थे, अर्थात् (i) ओ स्तर आईटी पाठ्यक्रम और (ii) कंप्यूटर हार्डवेयर रखरखाव पाठ्यक्रम में ओ स्तर। आईटी ओ स्तर में कुल 100 अभ्यर्थियों का नामांकन किया गया था और सीएचएम–ओ स्तर में 50 अभ्यर्थियों का नामांकन किया गया था। नाइलिट भुवनेश्वर की निगरानी में प्रत्यायित संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- कॉलेज छात्र परियोजना इंटर्नशिप/प्रशिक्षण – विभिन्न छात्र परियोजना इंटर्नशिप/प्रशिक्षण में कुल 58 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया था।

कालीकट

कार्यकारी समिति की बैठकें:
23 मार्च 2021 को बैठक संपन्न हुई

कार्मिक:
नियमित: 35
संविदात्मक/परियोजना आधारित: 8

कारोबार :
1399.21 लाख रुपये

कार्यकारी निदेशक:
डॉ. पेरुमल पिल्लई एम

पता:
नाइलिट कालीकट, एनआईटी परिसर डाकघर, कोझिकोड केरल–673601

सम्पर्क के ब्यौरे:
दूरभाष.: 0495–2287123
मोबाइल: 91 9446026809
ई–मेल: dir-calicut@nielit.gov.in
वेबसाइट: www.nielit.gov.in/calicut

क्षेत्राधिकार राज्य :
केरल, कर्नाटक तथा लक्षद्वीप

केंद्र का इतिहास:
केंद्र (पूर्ववर्ती इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन और प्रौद्योगिकी केंद्र–सीईडीटी) की स्थापना 1989 में हुई थी। तब से, केंद्र औपचारिक व अनौपचारिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक क्षेत्रों में उद्योग उन्मुखी गुणात्मक शिक्षा का संचालन करता है। सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्र में क्षमता–निर्माण परियोजनाओं, उद्योगिक परामर्श, एप्लिकेशन उन्मुखी अनुसंधान तथा उत्पाद विकास का कार्यान्वयन कर रहा है। हरे–भरे 25 एकड़ में फैले परिसर में आधारिक संरचना को विकसित किया गया है जिसमें कई परिष्कृत प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षा–कक्ष, आईईईई ऑनलाइन गम्यता, एनकेएन कनेक्टिविटी, 24x7 वाईफाई सुविधा, छात्र हॉस्टल, कैंटीन और स्टाफ क्वार्टर सम्मिलित हैं। कार्यकलापों का क्रियान्वयन औद्योगिक अनुभव व विदेशों से प्रशिक्षण प्राप्तयोग्य वैज्ञानिकों/इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। केंद्र आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित है। एम.टेक पाठ्यक्रम एआईसीटीई द्वारा मान्य है तथा एपीजेएके तकनीकी विश्वविद्यालय, केरल से संबद्ध हैं। नाइलिट कालीकट, कालीकट विश्वविद्यालय के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी के लिए अनुसंधान केंद्र के रूप में मान्य है।

उत्कृष्टता का क्षेत्र:
- वीएलएसआई / एएसआईसी डिजाइन एवं सत्यापन
- एम्बेडेड सिस्टम्स और आईओटी एप्लीकेशन्स
- इंस्ट्रूमेंटेशन और प्रक्रिया नियंत्रण
- 3डी प्रिंटिंग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग
- बिग डाटा व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- सूचना सुरक्षा व क्लाउड कम्प्यूटिंग

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम:

क) अल्प अवधि पाठ्यक्रम

उन्नत स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन और विनिर्माण

पीजी डिप्लोमा
- एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन
- वीएलएसआई व एम्बेडेड हार्डवेयर
- औद्योगिक स्वचालन प्रणाली डिजाइन
- क्लाउड कम्प्यूटिंग

उन्नत डिप्लोमा
- बिग डाटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- सूचना सुरक्षा
- पीएलसी/एससीएडीए/डीसीएस इंजीनियर
- वीएलएसआई डिजाइन तथा सत्यापन

ख) दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
- प्रौद्योगिकी (एमटेक) में मास्टर
- एम्बेडेड सिस्टम्स
- इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन प्रौद्योगिकी
- वीएलएसआई और एम्बेडेड सिस्टम (संयुक्त रूप से डीआईएटी / डीआरडीओ पुणे के साथ)

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- विभिन्न औपचारिक और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों, प्रमाणन योजनाओं और कार्यशालाओं के माध्यम से कुल 4732 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया/जांचा गया ।
- 85 अभ्यर्थियों ने तीन विशेष एम.टेक कार्यक्रमों में प्रवेश लिया ।
- ऑनलाइन कार्यक्रमों सहित पीजी डिप्लोमा, उन्नत डिप्लोमा और प्रमाणपत्र कार्यक्रमों के माध्यम से कुल 2198 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- 1410 अभ्यर्थियों को एफपीजीए आधारित एंबेडेड सिस्टम पर प्रशिक्षित किया गया–एसएमडीपी (सी2एसडी) के तहत स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसरों को कवर करना [चिप्स से सिस्टम डिजाइन के लिए विशेष जनशक्ति विकास कार्यक्रम]।
- ओ स्तर और सीएचएम ओ स्तर के अनौपचारिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में कुल 700 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- इंटर्नशिप, कस्टम प्रशिक्षण, कार्यशालाओं के माध्यम से 224 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया ।
- 2537 अभ्यर्थी बीसीसी, सीसीसी के माध्यम से आईटी साक्षरता पर प्रशिक्षित/प्रमाणित हुए ।
- एलएंडटी और विप्रो कर्मचारियों के लिए 115 प्रतिभागियों का अनुकूलित कॉर्पोरेट प्रशिक्षण। आईईईई स्कोप सहित प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और सम्मेलनों में 05 शोध पत्र प्रकाशित।
- डीआरडीओ की ''अनुसंधान सेवाओं के अधिग्रहण के लिए अनुबंध (सीएआरएस)'' योजना के तहत दो शोध परियोजनाओं को पुरस्कृत किया गया।
- कुल 44 अभ्यर्थियों को उद्योग इंटर्नशिप प्रदान की गई।
- उनके कौशल केंद्र केंद्रों के माध्यम से प्रदान किए गए डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम के मूल्यांकन और प्रमाणन के लिए केरल एकेडमी ऑफ स्किल एक्सीलेंस, केरल सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- कोविड–19 के कारण पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड में चलाएं जाते हैं, आंतरिक रूप से बनाए गए मूडल सर्वर के माध्यम से पाठ्यक्रमों की पेशकश की जाती है।

चंडीगढ़

कार्मिकः
नियमितः 90
संविदात्मक/परियोजना आधारितः 123

कारोबार
5127.93 लाख रुपये

निदेशक
श्रीमती सुनीता गोयल

पता
नाइलिट रोपड़, बिरला फार्म, बड़ा फूल,
रोपड़, पंजाब –140001

आईईटीई बिल्डिंग में सुविधा कार्यालय
सेक्टर 30–बी, चंडीगढ़–160030

सम्पर्क के ब्यौरेः
दूरभाषः 1881–257001, +917087235374
ई–मेलः dir-chandigarh@nielit.gov.in
वेबसाइटः www.nielit.gov.in/chandigarh

क्षेत्राधिकार राज्य
मेघालय

विस्तार केंद्र
पंजाब एवं चंडीगढ़ (यूटी)

केंद्र का इतिहासः
क्षेत्र के अग्रणी संस्थान नाइलिट, चंडीगढ़ की स्थापना 1978 में सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्रों में पेशेवर सेवाएं प्रदान करने के सभी पहलुओं पर ज्ञान का प्रसार करने के उद्देश्य से की गई थी तथा इसके लिए मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड भी बनाया गया है । यह केंद्र ग्राहकों के विभिन्न वर्गों को विशेष सेवाएं प्रदान करता है। रोपड़ में नाइलिट चंडीगढ़ के स्थायी परिसर का निर्माण परियोजना के तहत रोपड़ में पंजाब सरकार द्वारा आवंटित लगभग 12 एकड़ भूमि पर केंद्र बनाया गया था। नाइलिट ने अक्टूबर 2017 में नए परिसर से अपनी प्रशिक्षण गतिविधियों की शुरुआत की थी। संचालन अधिशाषी परिषद की 26वीं बैठक के निर्णय के अनुसरण में मार्च/अप्रैल, 2019 में सभी गतिविधियों को चंडीगढ़ से रोपड़ स्थानांतरित कर दिया गया था। केंद्र ने पहले से ही प्रतिष्ठित संस्थानों विशेषकर आईआईटी रोपड़ के साथ समझौता ज्ञापनों के माध्यम से उपयोगी संबंध विकसित किए हैं।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः
- बिजली, स्वास्थ्य क्षेत्र, शिक्षा और कृषि और अन्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय महत्व की बड़ी परियोजनाओं को संभालना।
- आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमता–निर्माण
- बड़े पैमाने पर डेटा कैप्चरिंग और डेटा प्रोसेसिंग
- वेब समर्थित अनुप्रयोगों के लिए सॉफ्टवेयर विकास
- एआई/एमएल और बिग डाटा एनालिटिक्स

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः
क. अल्प अवधि पाठ्यक्रम
• पायथन • जावा • एंबेडेड सिस्टम डिजाइन • अर्डूइनों, आईओटी • एएसपी.नेट • पीएचपी, सी/सी++ • वेब डिजाइनिंग, मल्टीमीडिया, क्लाउड कंप्यूटिंग • ब्लॉकचेन आदि

ख. दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
- नाइलिट 'ओ'/'ए'/ सीएचएम 'ओ' स्तर,
- उर्दू का उपयोग करते हुए व्यवसाय लेखांकन और बहुभाषी डेस्कटॉप प्रकाशन (सीएबीए–एमडीटीपी)

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

क. प्रशिक्षण

- इंजीनियरिंग/सामान्य छात्रों के लिए आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में विशेष अल्प अवधि /ग्रीष्म/औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- बिग डेटा एनालिटिक्स, पायथन, एआई और मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्लाउड, ब्लॉकचेन और वेब टेक्नोलॉजीज जैसे प्रमुख क्षेत्रों के साथ आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया। नाइलिट चंडीगढ़ द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के माध्यम से 500 से अधिक इंजीनियरिंग छात्रों ने इन क्षेत्रों में अपने ज्ञान को बढ़ाया है।
- आईआईटी रोपड़ के साथ संयुक्त प्रमाणन के तहत 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग' में औद्योगिक प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया और 22 छात्रों को प्रशिक्षित किया।

ख. कॉर्पोरेट प्रशिक्षण

- फ्यूचर स्किल्स प्राइम योजना के तहत 31 सरकारी अधिकारियों को 'बिग डेटा एनालिटिक्स' और 30 को –वर्चुअल रियलिटी' प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षित किया।
- रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला के कर्मचारियों के लिए सी/सी++, मोंगो डीबी , पायथन, जावा और आईओटी पर कॉर्पोरेट प्रशिक्षण आयोजित किया।
- डीआईटीईसीएच , हरियाणा के कर्मचारियों के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग और एंगुलर जेएस पर बैचों का आयोजन किया।
- फोर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के कुल 84 उम्मीदवारों के लिए 3 बैचों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स आयोजित किया गया था।

ग. कार्यशालाएं/औद्योगिक दौरे

- सीएसई, डीसीआरयूएसटी, सोनीपत विभाग के 113 छात्रों के लिए 67 छात्रों के लिए 'पायथन विद डेटा साइंस एंड मशीन लर्निंग' और 'ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

घ. परामर्श परियोजना

- यूटी शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ के तहत ग्यारहवीं कक्षा के सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए एक पूरी तरह से ऑनलाइन परामर्श परियोजना निष्पादित। लगभग 16000 छात्रों को प्रवेश दिया गया।

ड़. शिक्षा परियोजना (एनसीपीयूएल)

- देश भर में 500 से अधिक एनसीपीयूएल (नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज) केंद्रों पर 'कंप्यूटर एप्लीकेशन, बिजनेस अकाउंटिंग और बहुभाषी डेस्कटॉप प्रकाशन (सीएबीए–एमडीटीपी)' योजना लागू की गई।
- लगभग 29000 छात्रों ने सीएबीए–एमडीटीपी के 1 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस योजना के तहत 21857 छात्रों को सीएबीए एमडीटीपी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।
- एनसीपीयूएल योजना के लिए एनसीपीयूएल के लगभग 350 मुख्य केंद्रों में लगभग 900 शिक्षण–स्टाफ को नियुक्त किया और एनसीपीयूएल परियोजना / योजना (वित्त वर्ष 2020–21) के तहत 2557 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया।

च. परीक्षा गतिविधियां

- औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के लगभग 30,000 अभ्यर्थियों की एससीवीटी योजना की ओएमआर आधारित सेमेस्टर परीक्षा का प्रसंस्करण और मूल्यांकन किया।
- स्टेट काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च (एससीईआरटी), चंडीगढ़ के लिए एसटीएसई / एनएमएमएस की प्री और पोस्ट परीक्षा गतिविधियों का निष्पादन किया।

छ. सुविधा प्रबंधन

- हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 73 तकनीकी/प्रबंधकीय जनशक्ति और इस केंद्र के विभिन्न अनुभागों में 167 तैनात हैं ।

ज. ई–सुविधाएं

- सरकार के टोल फ्री कॉल सेंटरों के लिए आईवीआरएस, एसएमएस और ई–मेल के माध्यम से जनशक्ति और बैक–एंड सहायता प्रदान करने सहित ई–शिकायत निवारण समाधान निष्पादित करना। समाधान हैं:–
  - क. बिजली, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट, सरकारी भवनों, यूटी चंडीगढ़ के निवासियों के लिए एकल खिड़की के रूप में नागरिक सुविधा केंद्र।
  - ख. शिकायत पंजीकरण और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, पंजाब के निवारण के लिए शिकायत निवारण केंद्र
  - ग. शिकायत पंजीकरण एवं निवारण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा के लिए शिकायत निवारण केंद्र
  - घ. नगरीय गतिविधियों के लिए शहरी क्षेत्रों में शिकायत दर्ज करने के लिए पंजाब शिकायत निवारण प्रणाली (पीजीआरएस)

झ. तैयारशुदा परियोजनाएँ

- पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ राज्यों के 60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा बिल तैयार किए।
- ऊर्जा हानियों की जांच के लिए अपने उपभोक्ताओं को खरीदी और आपूर्ति/बिल की गई बिजली का मिलान करने के लिए ऊर्जा लेखा प्रणाली।
- पंजाब, हरियाणा में लगभग 370 नकद संग्रह केंद्रों के कम्प्यूटरीकरण में ई–गवर्नेंस की सुविधा।
- यूटी बिजली विभाग के लिए इंटरनेट पर बिल और सामान्य जानकारी देखने/जांचने के लिए वेब साइट।

ञ. अन्य प्रमुख परियोजनाएं

- पंजाब और हरियाणा राज्यों के संदर्भ वर्ष 2017–18 के साथ छठी लघु सिंचाई और पहली जल निकाय जनगणना के आंकड़ों का कम्प्यूटरीकरण और इस परियोजना का अनुमानित राजस्व 57 लाख रुपये है।
- सॉफ्टवेयर का विकास और पंजाब राज्य के जन्म और मृत्यु रजिस्टरों की स्कैनिंग और डिजिटलीकरण और इस परियोजना का अनुमानित राजस्व 53 लाख रुपये है।

चेन्नई

कार्मिक:
नियमित: 07
संविदात्मक / परियोजना आधारित: 14

कारोबार:
657.91लाख रुपये

निदेशक:
डॉ. प्रताप कुमार एस

पता:
नाइलिट चेन्नई, आईएसटीई कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, 25, गांधी मंडपम रोड, अन्ना सेंटिनरी पुस्तकालय के सामने कोट्टुर्पुरम, चेन्नई – 600025

सम्पर्क के ब्यौरे:
दूरभाष: 044 24421446 / 7
मोबाईल: +91 9486540125
ई–मेल: dir-chennai@nielit.gov.in
वेबसाइट: www.nielit.gov.in/chennai

क्षेत्राधिकार राज्य:
तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

केंद्र का इतिहास:
नाइलिट चेन्नई, "चेन्नई में डीओईएसीसी केंद्र (नाइलिट केंद्र) की स्थापना" परियोजना के तहत, दिनांक 06 जनवरी 2009 को इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भरत सरकार के प्रशासनिक अनुमोदन से अस्तित्व में आया।परियोजना "इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन और उत्पादन प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण" ने वीएलएसआई डिजाइन, एंबेडेड सिस्टम डिजाइन, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स पर विशेष जोर देने के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं को स्थापित करने में मदद की, और बाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सूचना सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल और मोबाइल फोरेंसिक के साथ सवर्धित किया। सस्थान का पाठ्यक्रम शैक्षणिक और उद्योग प्रासगिक योग्यता विकास कार्यक्रमों का एक पूर्ण मिश्रण है जो अभ्यर्थियों को अपने स्वय के कैरियर पथों के लिए प्रासगिक कौशल और ज्ञान विकसित करने की अनुमति देता है और वास्तव में आत्मा निर्भर भारत की दिशा में योगदान देता है। इन वर्षों में, केंद्र ने 30,000 से अधिक उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। वर्तमान में, नाइलिट चेन्नई इलेक्ट्रॉनिकी एव सूचना प्रौद्योगिकी के आईएसईए (सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता) और फ्यूचर स्किल्स प्राइम क्षमता निर्माण परियोजनाओं (3डी प्रिंटिग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, आईओटी – टेक्नोलॉजी स्ट्रीम) को लागू कर रहा है।

उत्कृष्टता का क्षेत्र:
- इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स
- एंबेडेड सिस्टम
- वीएलएसआई डिजाइन
- डेटा साइंस और मशीन लर्निंग
- सूचना सुरक्षा
- डिजिटल और मोबाइल फोरेंसिक
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- सूचना प्रौद्योगिकी
- 3डी प्रिंटिग / एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम:

अल्प अवधि पाठ्यक्रम:
- सीएटीआईए वी5 (ई–लर्निंग) का उपयोग करके कंप्यूटर एडेड डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- पायथन प्रोग्रामिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- मशीन लर्निंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- अर्डूइनो का उपयोग करके रोबोटिक कंट्रोल में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- डेटा साइंस के लिए पायथन प्रोग्रामिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- अर्डूइनो और इएसपी 8266 का उपयोग करके आईओटी में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- आर का उपयोग करते हुए एडवांस डेटा एनालिटिक्स में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- आर का उपयोग करके उन्नत डेटा एनालिटिक्स में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- बेसिक में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- आर के उपयोग से डाटा एनालिटिक्स
- हडोप प्रशासन में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- आर के उपयोग से उन्नत डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
- डेटा सरचनाओं और मशीन लर्निंग के लिए पायथन में ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
- क्लाउड कंप्यूटिंग / प्रमाणित क्लाउड कंप्यूटिंग इंजीनियर में पीजी डिप्लोमा
- सूचना प्रणाली सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा
- डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- प्रमाणित एंबेडेड सॉफ्टवेयर इंजीनियर
- नाइलिट 'ओ' स्तर
- सीएचएम 'ओ' स्तर
- डेटा विज्ञान और विश्लेषिकी में उन्नत डिप्लोमा
- प्रमाणित 3डी प्रिंटिग / एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्निशियन

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- एनएसक्यूएफ संरेखित पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में 200 से अधिक अभ्यर्थियों को और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1900 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित कियागया।
- रोजगार महानिदेशालय (डीजीई), श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार ने नाइलिट को एक परियोजना प्रदान की जिसके तहत नाइलिट चेन्नई 75 एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए सीएचएम ओ स्तरपाठ्यक्रम और 300 एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए आईटी ओ स्तर पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है।
- पुनर्वास महानिदेशालय द्वारा प्रायोजित एक परियोजना के तहत 38 अभ्यर्थीयों को सीएचएम ओ स्तर में प्रशिक्षित किया गया है।
- 4358 अभ्यर्थियों ने डीएलसी कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण कराया है जिनकी परीक्षा केंद्र द्वारा मॉनिटर की गई है।
- पीएमजी दिशा कार्यक्रम के तहत 4,60,571 अभ्यर्थियों को प्रॉक्टर किया गया।
- 35649 अभ्यर्थियों के लिए चार स्थानों (चेन्नई, हैदराबाद, विशाखापत्तनम और पोर्ट ब्लेयर) पर एनआईसी भर्ती परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई।
- आरपीए टेक्नोलॉजी स्ट्रीम में फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्रोजेक्ट के तहत एक सह–प्रमुख केंद्र के रूप में, मास्टर प्रशिक्षकों के साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए यूआई पथ और अन्य उपकरणों के साथ आरपीए में प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की।
- आईओटी प्रौद्योगिकी स्ट्रीम में सह–प्रमुख केंद्र के रूप में मास्टर प्रशिक्षकों के साथ ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए प्रोटियस वीएसएम यूआई पथ और अन्य उपकरणों के साथ आईओटी में प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की।
- 3डी प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी स्ट्रीम में को–लीड सेंटर के रूप में मास्टर ट्रेनर्स के साथ अल्टीमेकर मेकर बॉट एक्स और सीएटीआईए वी5 डिजाइन सूट के साथ 3डी प्रिंटिंग में प्रशिक्षण सुविधा भी स्थापित की।



दिल्ली



कार्मिकः
नियमितः 39 संख्या
संविदात्मक/परियोजना आधारितः 46 संख्या

कारोबारः
5508.19 लाख रुपये

प्रभारी निदेशकः
श्री शमीम खान

पताः
नाइलिट दिल्ली केंद्र, दूसरी मंजिल, पार्श्वनाथ मेट्रो मॉल, इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन, इंद्रलोक, नई दिल्ली–110052

सम्पर्क के ब्यौरेः
दूरभाषः 011–23644850
ई–मेलः dir-delhi@nielit.gov.in
वेबसाइटः www.nielit.gov.in/delhi

क्षेत्राधिकार राज्यः
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

केंद्र का इतिहासः
नाइलिट दिल्ली केन्द्र को पहले चंडीगढ़ केन्द्र के शाखा कार्यालय दिल्ली के रूप में जाना जाता था, एक नवम्बर 2012 को इसे स्वतंत्र केन्द्र के रूप में स्थापित किया गया। यह ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक पेशेवर प्रबंधित केंद्र है और इसके विभिन्न कार्यों का उद्देश्य अपने ग्राहकों को आईटी समाधान और उत्पादों की बेहतरीन पैकेज देना है। इसने गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करके और विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी संगठनों की बड़ी परियोजनाओं की हैंडलिंग की क्षमता से स्वयं को प्रमाणित किया है। केंद्र आईटी में नई चुनौतियों को पूर्ण करने और नई प्रौद्योगिकियों में अग्रणी संस्थान बनने की भूमिका में है। यह मजबूत डिजाइन सिद्धांतों, गुणवत्ता के उच्चतम स्तर और इथिकल व्यापार अभ्यासों के द्वारा अत्यधिक प्रेरित कुशल श्रमिकों के माध्यम से लागत प्रभावी, मार्केट समाधान सुनिश्चित करता है।

उत्कृष्टता का क्षेत्रः
- उद्ययोग के लिए तैयार पेशेवर उपलब्ध कराने के साथ–साथ ई–लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और अन्य संबंधी विषयों के क्षेत्रों में कुशल जनशक्ति बनाने में नाइलिट दिल्ली केंद्र उत्कृष्टता प्राप्त करता है।
- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और तकनीकी सहायक सेवाएं
- ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में भर्ती परीक्षाओं का संचालन।

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमः
अल्प अवधि पाठ्यक्रम
प्रमाणपत्र/डिप्लोमा पाठ्यक्रमः– • सीएस/आईटी पाठ्यक्रम • वेब डिजाइनिंग • सी/सी++/पायथन के माध्यम से प्रोग्रामिंग • सी और सी++, सीसीएनए • सीसीईएनटी प्रमाणन के लिए रुटिंग और स्विचिंग • कम्प्यूटर सिस्टम और सर्वर एडमिनिस्ट्रेशन • वेब एप्लीकेशन टेक्नोलाजी • वीबी/सी# के साथ एएसपी. नेट • प्रमाणित एन्ड्राइड एप्स डेवलपर • लिनक्स के उपयोग से सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन • डाटा प्रविष्टि एवं कार्यालय स्वचालन • टैली का उपयोग करके वित्तीय लेखांकन • आईडब्ल्यूडी/सी में रिफ्रेशर कोर्स • बिग डाटा एवं हडोप • साइबर सुरक्षा बुनियादी साक्षरता पाठ्यक्रम • सीसीसी
इलेक्ट्रॉनिक्स/हार्डवेयर पाठ्यक्रमः–
• 8051 एवं एवीआर एवं अर्डूईनों के उपयोग से एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन • एआरएम/सीओआरटीईएक्स माइक्रोकंट्रोलर के उपयोग से एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन • अर्डूइनों ध्रास्पबेरी पाई के उपयोग से इंटरनेट ऑफ थिंग्स • वीएलएसआई डिजाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • पीसी असेंबली तथा रखरखाव
• मल्टीमीडिया पाठ्यक्रम–2डी एनीमेशन में पाठ्यक्रम प्रमाणित आडियो विडियो डिजाइनर 3डी एनिमेशन आदि.

दीर्घकालिक पाठ्यक्रम
• नाइलिट 'ओ'/ए' स्तर पाठ्यक्रम • सीएचएम–'ओ' स्तर पाठ्यक्रम • मैट 'ओ' स्तर पाठ्यक्रम • इंटरनेट ऑफ थिंग्स में पीजी डिप्लोमा • वीएलएसआई डिजाइन, उपकरण और प्रौद्योगिकी में पीजी डिप्लोमा • अर्डूइनों • आधारित एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन में प्रमाणपत्र कार्यक्रम

2020–21 की अवधि के दौरान विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

- नाइलिट दिल्ली केंद्र ने लोक सभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान लोकतंत्र (प्राइड) के अधिकारियों के लिए डेस्कटॉप प्रकाशन उपकरण पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। संसद के कुल 31 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।
- फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्रोजेक्ट के तहत 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इंडिया' पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार मुख्य रूप से सरकारी कार्मिकों, छात्रों और औद्योगिक पेशेवरों पर केंद्रित था।
- कोविड 19 महामारी के कारण जून–सितंबर 2020 के दौरान आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवधि के दौरान विभिन्न अल्प अवधि ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में कुल 584 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया था। सभी प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।
- दूरसंचार कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल), दिल्ली के गैर–कार्यकारी संवर्ग अधिकारियों के लिए "कंप्यूटर और प्रबंधकीय कौशल प्रशिक्षण" पर 6 दिवसीय (पूर्ण) ऑनलाइन क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। टीसीआईएल के अखिल भारतीय कार्यालयों में कार्यरत 12 प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था ताकि विभिन्न कंप्यूटर कार्यालय उपकरण और प्रबंधकीय कौशल के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान की जा सके।
- पुनर्वास महानिदेशालय, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जेसीओ/ओआरएस के लिए नाइलिट आईटी–ओ स्तर (एनएसक्यूएफ स्तर – 05) के मिश्रित मोड में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण में थल सेना, नौसेना और वायु सेना के कुल 40 अधिकारियों ने भाग लिया।
- केंद्र ने इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयकी प्रमुख परियोजना– "आईटी फॉर मास" के लिए इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में एक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (पीएमयू) की स्थापना की है। पीएमयू की प्राथमिक जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत संभावित वित्त पोषण के लिए विभिन्न संगठनों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों का तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन है।पीएमयू सभी चालू परियोजनाओं की नियमित निगरानी और स्थिति बनाए रखने के लिए भी जिम्मेदार है, और कार्य समूह की बैठकें, पीआरएसजी आदि आयोजित करने में एमईआईटीवाई के कार्यक्रम प्रभाग की सुविधा प्रदान करता है।
- केंद्र को अप्रैल 2020 में इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 'आईसीटी के उपयोग द्वारा जनसाधारण के लिए आईटी – दिल्ली/एनसीआर के अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों की आजीविका गतिविधियों में वृद्धि ' नामक एक परियोजना प्रदान की गयी गया है। लगभग 510 अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों ने मुफ्त दीर्घकालिक और अल्पकालिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है और इस योजना के तहत 31 मार्च 2021 तक लाभान्वितहुए हैं।
मूल्यह्रास का प्रावधान आयकर अधिनियम 1961 में निर्धारित दरों पर डब्ल्यू.ए.वी पद्धति पर किया जाता है। "अनुदान से संबंधित परिसंपत्तियों" पर चालू वर्ष के लिए मूल्यह्रास को आय तथा व्यय खाते के नाम किया गया है तथा एएस–12 के अनुसार आय तथा व्यय खाते में जमा भी किया गया है तथा वर्ष के दौरान 'पूँजीगत सहायता अनुदान' से घटाया गया है।

8. सरकारी अनुदान

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, नाइलिट को एमईआईटीवाई से जीआईए (योजना) और (गैर योजना) प्राप्त नहीं हुई है ।

9. लेखां नीति में परिवर्तन

वर्ष के दौरान, कोई परिवर्तन नहीं हुए हैं ।

10. कर्मचारी के लाभ

- उपदान के लिए प्रावधान का लेखांकन एएस–15 के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन पर किया जाता है और कर्मचारी "ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972" के अंतर्गत आते हैं। ।
- चण्डीगढ़ के मामले में उपदान की देयता को भारतीय जीवन बीमा निगम से समूह उपदान नकद संचयन के अधीन संबंधित कर्मचारी न्यास के पक्ष में ली गयी पालिसी द्वारा सुरक्षित किया गया।
- छुट्टी के नकदीकरण के लिए प्रावधान का लेखांकन एएस–15 के अनुसार बीमांकिक मूल्यांकन आधार पर किया जाता है ।
- बोनस नकद आधार पर लेखांकित किया गया है ।
- नाइलिट मुख्यालय तथा केन्द्रों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से 01.01.2003 से ईपी एफ के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। 219 कर्मचारियों के संबंध में 01/01/2003 से 31/03/2013 की अवधि के लिए ईपीएफ बकाया के नियमितीकरण के लिए नाइलिट अंशदान के लिए वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान आरपीएफसी के पास 4,03,06,734/– रुपये की राशि जमा की गई है। नाइलिट के सीपीएफ में रखी शेष राशि का समाधान किया जा रहा है ।
- नाइलिट ने 1 सितंबर, 2014 के बाद नियुक्त हुए सभी नियमित कर्मचारियों के लिए एनपीएस योजना को अपनाया है।

J.P. KHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

अनुसूची 25: लेखाओं पर टिप्पणियाँ

1. आकस्मिक देयता:

क) चंडीगढ़ केंद्र

(i) विभाग द्वारा उठाए गए सेवा कर की मांग:

क्र.सं.	मामले का प्राधिकारी	मामले के तथ्य	सम्मिलित राशि
1	केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण, (सीईएसटीएटी), चंडीगढ़	सेवा कर विभाग ने सेवाओं के कर योग्य मूल्य में नाइलिट द्वारा प्रदान की गई लेखन सामाग्री का मूल्य सम्मिलित करने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा उठाई गई मांग पर सीईएसटीएटी, चंडीगढ़ द्वारा रोक लगायी गयी है । हालांकि, मामले में नियमित सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है ।	रु. 83,92,094/– समान रकम के जुर्माने और ब्याज के साथ ।
2	केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण, (सीईएसटीएटी), चंडीगढ़	वर्ष 2012 के दौरान, सेवा कर विभाग ने सेवाओं के कर योग्य मूल्य में नाइलिट द्वारा प्रदान की गई लेखन सामग्री का मूल्य सम्मिलित करने का निर्णय लिया है । विभाग द्वारा उठाई गई मांग के संबंध में आयुक्त (अपील) के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की गई है ।	रु. 3,55,310/–समान रकम के जुर्माने और ब्याज के साथ
3	आयुक्त (अपील) वस्तु और सेवा कर, लुधियाना	वित्त वर्ष 2014–15 के दौरान, सेवा कर विभाग ने कर योग्य सेवाओं के मूल्य छूटप्राप्त सेवाओं शिक्षा सहायक सेवाओं से आय, नाइलिट के 'ओ' लेवल के पाठ्यक्रम से आय और सीसीसी परीक्षा से आय आदि को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया है । विभाग द्वारा उठाए गए मांग के संबंध में सहायक आयुक्त के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की गई है ।	रु. 46,23,975/–समान राशि के जुर्माने, ब्याज और रु 10,000/– के अतिरिक्त जुर्माने के साथ
4	आयुक्त (अपील) वस्तु और सेवा कर, लुधियाना	वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान, सेवा कर विभाग ने सेवाओं के कर योग्य मूल्य में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रों को वाणिज्यिक प्रशिक्षण और कोचिंग से अग्रिम प्राप्त और आय के मूल्य को सम्मिलित करने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा उठाए गए मांग के संबंध में सहायक आयुक्त के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की गई है ।	रु.28,21,447/– समान राशि के जुर्माने, ब्याज और रु 10,000/– के अतिरिक्त जुर्माने के साथ।

ii) अन्य मुकदमें:

क) नाइलिट चंडीगढ़ ने स्कूल परियोजना के लिए प्रशिक्षक उपलब्ध कराने हेतु शेष धनराशि रु. 15,66,021/– की वसूली हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के विरुद्ध मध्यस्थता कार्यवाही शुरू की है, जिसके लिए बहियों में संदिग्ध ऋण के रूप में पहले ही प्रावधान किए गए थे । केवीएस ने न केवल केंद्र के दावे को खारिज कर दिया है बल्कि, केंद्र (पूर्व में आरसीसी) को अत्यधिक भुगतान के रूप में धनराशि रु. 2,68,650/– का काउंटर दावा भी पेश किया है । मध्यस्थता कार्यवाही अभी तक समाप्त नहीं हुई है ।

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

ख) ईएसआई ने अक्टूबर 2002 से मार्च 2003 की अवधि के लिए ईएसआई योजना के अनुपालन न किए जाने के लिए धनराशि रु.11,22,702/– और रु.3,03,947/– का मांग नोटिस जारी किया था। उपनिदेशक, ईएसआई के दिनांक 21.07.2011 के आदेश संख्या पीबी.17000399790001013/245 के माध्यम से मांग के भुगतान के लिए केंद्र को निर्देश दिया है । हालांकि, केंद्र ने अपील की है और तदनुसार 2013 की सिविल रिट, याचिका (सीडब्ल्यूपी) संख्या 5441 और 2013 की सीडब्ल्यूपी संख्या 5367 माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में में लंबित है, हालांकि, माननीय उच्च न्यायालय ने एक अन्तरिम राहत के रूप में मांग कि वसूली पर रोक लगाई है।

ग) दिनांक 2 मई, 2014 के माननीय केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के आदेशों के विरुद्ध, केंद्र ने माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के समक्ष सुश्री मनजीत कौर, पूर्व डाटा एंट्री ऑपरेटर 'ई' के द्वारा गलत ढंग से आहरित एचआरए और दांडिक ब्याज के लिए रु.3,89,642/– की वसूली के लिए 2014 में सिविल रिट याचिका सं 15204 को दायर किया गया था । इस मामले में कार्यवाही प्रक्रिया में है । उनकी सेवानिवृत्ति पर देय छुट्टी नकदीकरण की धनराशि में से रु 3,89,642/– की उक्त राशि की वसूली कर ली गई है । सुश्री मनजीत कौर, इस केंद्र की पूर्व डाटा एंट्री ऑपरेटर 'ई' ने माननीय केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल, चंडीगढ़ बेंच में पुनः ओए संख्या 60/129/2018 के माध्यम से रोक लगाई गई धनराशि रु. 3,89,642 को जारी किए जाने संबंधी याचिका दायर की है जिसे 10.10.2018 को माननीय केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल, चंडीगढ़ ने निकासी दर्शाते हुए खारिज कर दिया था ।

जब तक, माननीय द्वारा निर्णय लिया जाता है, धनराशि रु.3,89,642/– की आकस्मिक देनदारी के रूप में माना गया है ।

घ) दिनांक 29–01–2002 के पत्र सं. एमसी/ईएसटीएटीई/2002/4732 के माध्यम से आवंटित भूमि, के नगर निगम चंडीगढ़ के विरुद्ध वसूली योग्य धनराशि रु.43,24,045/– दिखायी गयी थी जो बाद में केंद्र द्वारा वापस की गयी। मुख्य प्रशासक, चंडीगढ़ और यूटी प्रशासन, चंडीगढ़ द्वारा कोई भी राहत प्रदान न किए जाने के कारण, माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के समक्ष रिट याचिका दायर की गई थी, जिसे डिफॉल्ट रूप से भी खारिज कर दिया गया था, जिसके विरुद्ध, एक अन्य रिट मामले की बहाली के लिए दायर की गई थी। उस रिट याचिका को उसी कारण से पुनः नए रूप में फाइल करने की स्वतंत्रता के साथ वापस ले लिया गया था। मनीमाजरा में भूमि आवंटन के लिए पुनः विचार करने के संबंध में नगर निगम, चंडीगढ़ के पक्ष में इस केंद्र द्वारा जारी किए गए रु.43.24 लाख के प्रारंभिक भुगतान को समायोजित करके और प्रीमियम, ग्राउंड रेंट के देरी से भुगतान पर ब्याज के लिए जारी मांग नोट की गैर–प्रयोज्यता के बारे में नगर निगम, चंडीगढ़ को भेजे गए अभ्यावेदन के आधार पर, केंद्र सरकार के काउंसेल के माध्यम से नई रिट याचिका दायर की गई है। चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के लिए चंडीगढ़ के काउंसेल को प्रस्ताव का नोटिस जारी किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अंतिम अवसर दिए जाने के बाद 23.09.2019 को नगर निगम चंडीगढ़ के वकील द्वारा उत्तर हलफनामा दायर किया गया है। कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में केंद्र की लेखा बहियों में उचित प्रावधान पहले ही किया जा चुका है।

ड़) श्री वीके जैन, प्रभारी निदेशक, नाइलिट चंडीगढ़ तथा नाइलिट चंडीगढ़ के पंद्रह अन्य पूर्व कर्मचारियों ने, जो 01.01.2016 के बाद और 29.03.2018 से पहले सेवानिवृत्त हुए थे श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा राजपत्र अधिसूचना जारी करने की तिथि, जिसके द्वारा "ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972" के तहत एक कर्मचारी को देय ग्रेच्युटी की अधिकतम राशि, 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है, ने माननीय केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, प्रधान पीठ चंडीगढ़, के समक्ष आवेदकों को ग्रेच्युटी की संशोधित राशि रु. 20 लाख सेवानिवृती की तिथि से भुगतान की तिथि तक 12% ब्याज के साथ स्वीकृत करने के लिए ओए सं. 60/1144/2018 दायर किया है। उत्तरदाताओं की ओर से जवाब माननीय सीएटी के समक्ष दायर किए गए थे। आगे की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

J.P. KHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

ख) कोलकाता केंद्र

i. आरसीसी कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि न्यास आयकर विभाग की मान्यता के साथ नाइलिट में 01. 01.2004 से पहले कार्यग्रहण करने वाले कर्मचारियों की भविष्य निधि का खाता रख रहा था। तथापि 01.01.2004 को या उसके बाद नाइलिट में कार्यभार ग्रहण करने वाले कर्मचारियों का पी.एफ. ईपीआर और एमपी अधिनियम 1952 के अधीन नाइलिट मुख्यालय में रखा जा रहा है। केन्द्र को क्षेत्रीय ईपीएफ प्राधिकरण से 11.07.2006 को एक नोटिस तथा धारा 7क के अन्तर्गत आदेश दिनांक 09.07.2008 तथा धारा 7ख के अन्तर्गत आदेश दिनांक 30.9.2009 प्राप्त हुआ है कि नाइलिट को ईपीएफ व एमपी अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत अगस्त 1982 से शामिल किया जाएगा। केन्द्र ने उपर्युक्त आदेश के खिलाफ ईपीएफ अपील न्यायाधिकरण, दिल्ली (समुचित प्राधिकारी) के समक्ष एक अपील दायर की है कि हमारा मुख्यालय भारत सरकार की गजट अधिसूचना दिनांक 26.07.1997 के अनुसार सीपीएफ अधिनियम, 1925 के अन्तर्गत शामिल है लेकिन, ईपीएफ अपील न्यायाधिकरण, दिल्ली ने दिनांक 3 अगस्त, 2011 के आदेश के जरिए अपील को खारिज कर दिया है। इसके बाद केंद्र ने 21 मार्च 2012 को माननीय उच्च न्यायालय, कोलकाता के समक्ष एक रिट याचिका दायर की। 17 अगस्त 2012 को, माननीय उच्च न्यायालय, कोलकाता ने फैसला किया है कि "ईपीएफ अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा 03 अगस्त 2011 को पारित आदेश के आधार पर अगले आदेश तक, प्रतिवादियों को किसी भी तरह से कार्यवाही से रोका जाता है"।

नाइलिट कोलकाता ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पश्चिम बंगाल क्षेत्र से रु.6,27,413/– की माँग के समक्ष रु.1,56,854/– की राशि का भुगतान प्रतिवाद के अन्तर्गत किया है। मांग का केंद्र ने विरोध किया है ।

ii. सामान्य इनपुट सेवा पर प्राप्त सेनवैट क्रेडिट के लिए धनराशि रु.9,82,620/– (रु4,87,425/–) की सेवा कर की आकस्मिक देयता है जिसके लिए तुलन–पत्र तिथि तक मूल्यांकन लंबित है तथा नियम 6(3) और सीसीआर नियम, 2004 के नियम 14 के अंतर्गत रु.4,95,195/–, जिसके लिए अपील सेवा कर प्राधिकरण में लंबित है, जिसमें से रु.4,95,195/– पर आयुक्त, सीजीएसटी और सीईएक्स, हावड़ा आयोग ने अपने आदेश संख्या 219/एस टैक्स–11/केओ 1/2018 दिनांक 20.03.18 के द्वारा विचार नहीं किया गया था।

ग) शिमला केंद्र

i) स्वमूल्यांकन के आधार पर सेवा कर का भुगतानः

क्र.सं	मामले का प्राधिकारी	मामले के तथ्य	सम्मिलित राशि
1.	केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर विभाग, शिमला	दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से 31 मार्च, 2016 की अवधि के लिए उच्च शिक्षा निदेशक हिमांचल प्रदेश के लिए प्रदान की गयी सेवाओं के बारे में सेवा कर विभाग ने सेवा कर के 49 प्रावधानों के उल्लंघन की जांच करने के लिए अभिलेखों की मांग की है ।	रु.2,50,81,223/–

स्वमूल्यांकन के आधार पर सेवा कर के रूप में रु.2,50,81223 का भुगतान किया गया है और गत वर्ष अर्थात 2019–20 के दौरान खर्च के रूप में निर्धारित किया गया है । हालांकि, सेवा कर विभाग द्वारा कुछ ब्याज या जुर्माना लगाया जा सकता है, जो वर्तमान में निर्धारित नहीं किया जा सकता है ।

आगे, नाइलिट ने उच्च शिक्षा विभाग विभाग, हिमांचल प्रदेश को पहले के वर्षों में प्रदान की गई सेवाओं पर सेवा कर लगाया है, तब इस तरह की सेवाओं को सेवा कर से छूट दी गई थी, सेवा कर विभाग को भुगतान किए गए सेवा कर की इस राशि के लिए प्राधिकारियों के साथ धन वापसी की अपील दायर की गई है ।

ii) निदेशक उच्च शिक्षा, हिमांचल प्रदेश को प्रदान की गई सेवाओं को अक्टूबर, 2018 तक जीएसटी से मुक्त माना गया और उसके बाद जीएसटी को एकत्र किया गया और जीएसटी विभाग को भुगतान किया गया। इसलिए अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2018 तक तक की अवधि के लिए जीएसटी के कारण देयता हो सकती है ।

iii) इसके जीएसटीआईएन के अंतर्गत वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कुछ जीएसटी भुगतान किए गए जिसमें जीएसटी

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

धनराशि को जीएसटीआईएन द्वारा विलंब शुल्क के साथ परिगणित कम अथवा विलंब भुगतान था किन्तु, जीएसटी अधिनियम, 1961 कि धारा 50(1) में निर्धारित ब्याज, केंद्र द्वारा बहियों मे क्रमशः जमा नहीं किया गया/बुक में नहीं है, तथा जहां कहीं लागू हो, नकद भुगतान के आधार पर अंतिम भुगतान के रूप में प्राधिकारियों द्वारा मांग के अनुसार राशि का भुगतान किया जाएगा।

iv) ईएसआईसी पोर्टल पर कर्मचारी के पंजीकरण में देरी के कारण कर्मचारी राज्य बीमा द्वारा कुछ ब्याज या जुर्माना लगाया जा सकता है। हालांकि, वर्तमान में ब्याज या जुर्माना निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

घ) मुख्यालय

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने नाइलिट (मुख्यालय) द्वारका भवन के संबंध में उपयोग कारक 4 (व्यावसायिक भवन होने के नाते) लागू करके संपत्ति कर का आकलन किया है और अपने मूल्यांकन आदेश दिनांक 17/02/2021 के द्वारा धनराशि रु. 1,84,06,741/– निर्धारण मांग से अवगत कराया है। हालांकि, नाइलिट ने 18/03/2021 को कारक 1 का उपयोग करते हुए धनराशि रु. 32,72,727/– का संपत्ति कर जमा किया है।

नाइलिट ने 26/03/2021 को डब्ल्यूपी(सी) 4128/2021 के माध्यमों से माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है, जिसमें माननीय न्यायालय से दिनांक 17/02/2021 के मूल्यांकन आदेश डिस्ट्रेस वारंट को रद् करने का अनुरोध किया गया है। प्रतिवादी द्वारा जारी 18/03/2021 और 24/03/2021, जारी को विषयान्तरर्गत उपयोग कारक 12 के तहत संसाधित करके एक नया मूल्यांकन आदेश पारित करने का निर्देश और चल रही एमनेस्टी योजना (2021) के लाभ की अनुमति दें। माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 26/03/2021 द्वारा नाइलिट को सुनवाई की अगली तिथि तक स्टे की स्वीकृति दी है।

2) पूंजी प्रतिबद्धता

क) (i) लुंगलेई विस्तार केंद्र और आइजोल केंद्र में भवन का निर्माण किया गया है, कुल अनुमानित निर्माण लागत रु.20,62,00,000/– है, जिसमें से रु.16,12,15,742/– दिनांक 31.03.2021 तक भुगतान किए जा चुके हैं ।

(ii) मुख्यालय के मामले में, एनबीसीसी टावर, किदवई नगर में कार्यालय की खरीद रु.47.01 करोड़ में की जा रही है जिसमें से रु.46.26 करोड़ दिनांक 31 मार्च, 2021 तक भुगतान किए जा चूके हैं ।

ख) मुख्यालय के लिए नाइलिट भवन का निर्माण द्वारका, दिल्ली में किया गया है । इस संबंध में, नाइलिट ने 31 मार्च, 2021 तक 45.07 करोड़ रुपये जारी किए है ।

3. वर्तमान परिसंपत्तियां, चालू देयताएं, प्रावधान और ऋण और अग्रिम

प्रबंधन की राय में, मौजूदा परिसंपत्तियों, ऋण और अग्रिमों को उस मूल्य पर दर्शाया गया है जो, सामान्य कारोबार के दौरान वसूली योग्य होगा, केवल उन देनदारों को छोड़कर जहां अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया गया है ।

क) दिल्ली केंद्र के मामले में

शिक्षा निदेशक, झंडेवालान से रु.1,12,71,327/– की वसूली के समक्ष संदिग्ध ऋण के लिए रु.28,60,720/– का प्रावधान किया गया है। यह धनराशि 2004–05 से बकाया है। यह मामला मध्यस्थता के अधीन है। एक मध्यस्थ ने 27.12.2017 को शिक्षा निदेशालय को यह आदेश दिया कि वह नाइलिट को रु.78,98,437/– का दिनांक 23.03.2011 से भुगतान की तिथि तक उपरोक्त राशि पर प्र.व. 8% ब्याज सहित भुगतान करें। प्रबंधन की राय में, प्रावधान यथोचित हैं।

ख) चंडीगढ़ केंद्र के मामले में

i) देनदार

क) चंडीगढ़ केंद्र में रु.1103.59 लाख के देनदार हैं जिसमें से रु.488.05 लाख तीन वर्षों से भी अधिक समय से बकाया हैं। बकाया देनदार वित्त वर्ष 2005–06 और उससे पहले से संबंधित हैं। बकाया राशि और उसकी अवधि पर विचार करते हुए लेखापरीक्षा के दौरान, यह पाया गया है कि बकाया राशि की वसूली/निगरानी के लिए कुछ तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। हालांकि, प्रबंधन का मानना है कि देनदार सरकारी विभागों से या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से हैं और वसूली योग्य हैं, और जिनमें मौजूदा पार्टियां भी सम्मिलित हैं, इसलिए

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

संदिग्ध ऋण के प्रावधान के लिए मूल्यांकन नहीं किया जा सका।

ख) वर्ष 2006 से जून 2017 तक पीएसईबी/पीएसपीसीएल द्वारा काटे गए कार्य अनुबंध कर (डब्ल्यूसीटी) के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2019–20 में 48.58 लाख का प्रावधान प्रदान किया गया था। प्रावधान इस आधार पर बनाया गया था कि यह राशि विक्रेता द्वारा कटौती योग्य नहीं थी क्योंकि केंद्र वैट के तहत पंजीकृत नहीं था और इसी तरह केंद्र की ओर से पीएसपीसीएल द्वारा जमा की गई इस राशि के लिए अब वापसी का कोई दावा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इस राशि की वसूली की संभावना काफी कम है।

ii) सरकारी विभागों के पास जमा सुरक्षा राशि:

31.03.2021 को बकाया राशि 15.30 लाख रुपये है। इनमें कुछ विशेष सरकारी विभागों के पास रखी गयी कुछ पुरानी बकाया सुरक्षा जमा राशि रु.4.50 लाख की वापसी/वसूली के लिए शेष/अतिदेय हैं। इस संबंध में उचित कार्रवाई हेतु तत्काल प्रभाव से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

iii) शेष पुष्टीकरण / समाधान:

देनदारों, लेनदारों, छात्रों और अन्य, आदि से प्राप्त अग्रिम सहित पार्टी खातों में पुष्टि, तथा समाधान संबंधी आवश्यक समायोजन समाधान के फलस्वरूप शेष है। उक्त पुष्टि/समाधान किए जाने पर वर्तमान/पूर्व वर्षों की आय/व्यय तथा परिसंपत्तियां/देयताओं पर होने वाले उसके प्रभाव को ज्ञात नही किया जा सकता।

iv) जैसे कि, केंद्र, सरकारी विभागों/स्वायत्त निकायों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है इसलिए, प्रबंधन की राय में, पूर्व प्राप्य राशियों जिनके लिए प्रावधान नही किया गया है या बट्टे खाते में नही डाली गयी हैं, की वसूली की आशा की जा रही है। हालांकि, दिनांक 31 मार्च, 2021 तक शेष धनराशि की पुष्टि नहीं हुई।

v) उपयुक्त जानकारी के अभाव में गत वर्ष देनदारों से प्राप्त किए गए रु.3,99,207.10/– की राशि उपयुक्त देनदार के खाते में जमा नही की जा सकी। उक्त समेकित राशि को कुल देनदारों से घटा दिया गया है।

vi) कार्यालय आदेश सं नाइलिट/एचक्यू/एडीटी/38/2019 दिनांकित 13.05.2019 के द्वारा, दिनांक 01.04.2019 से नाइलिट रोपड़ की खाता बहियों का विलय नाइलिट चंडीगढ़ की खाता बहियों में कर दिया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2019–2020 के लिए समेकित अंतिम लेखा तैयार कर लिए गए है। पूर्ववर्ती नाइलिट रोपड़ की सभी स्थिर परिसंपत्तियों के आंकड़े पिछले वर्ष के तुलन–पत्र में लिखित मूल्य पर "योग" मद में दर्शाये गए थे, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए नाइलिट रोपड़ के तुलन–पत्र में दर्शाया गया था। सभी स्थिर संपत्तियों की संबंधित मूल लागत अब वर्तमान वर्ष के तुलन–पत्र की अनुसूची 5 (ख) में "01/04/2019 को मूल लागत" मद में दर्शाया गया है।

vii) एससीओ 114–116, सेक्टर–17–बी, चंडीगढ़ में नाइलिट चंडीगढ़ (पूर्व में क्षेत्रीय कम्प्यूटर सेंटर) के कब्जे वाली इमारत में जून, 2014 में आग की एक बड़ी घटना हुई। वर्ष 2015–16 में उनके संबंध में हानियों/राईट ऑफ के संबंध में उपयुक्त लेखांकन प्रविष्टियां दर्ज की गई हैं। इस घटना में, केंद्र ने उस तारीख तक लगभग सभी अभिलेख खो दिये हैं, जिसमें स्थायी परिसंपत्ति रजिस्टर भी सम्मिलित था ।

viii) वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान रोपड़ स्थित कार्यालय भवन बाढ़ से घिर गया जिसके कारण भवन, हार्डवेयर, फर्निचर तथा जुड़नार, विद्युत कनेक्शन, वाहन आदि क्षतिग्रस्त हो गए। न्यू इंडिया एश्योरेंस सह लिमिटेड के साथ बीमा मूल्य के आधार पर नष्ट/क्षतिग्रस्त संपत्ति के संबंध में विभिन्न ओईएम द्वारा किए गए पुर्नस्थापना मूल्य के आकलन के आधार पर ली गई बीमा पॉलिसियों के तहत तुरंत बीमा का दावा किया गया ।

सर्वेक्षक को कई बार निर्धारित प्रारूप में सभी आवश्यक दस्तावेज और जानकारी प्रदान करने और बीमा कंपनी के साथ आक्रामक पत्राचार के बावजूद, बीमा कंपनी द्वारा आज तक दावे के आकलन या निपटान के संबंध में कोई सम्प्रेषण नहीं किया गया है। नतीजतन, इस संबंध में एक कानूनी नोटिस देने के बाद, लंबित दावे के शीघ्र निपटान के लिए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, चंडीगढ़ के समक्ष 15 जून, 2021 को एक शिकायत दर्ज की गई है। मामला 14 दिसंबर, 2021 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए भवन, मलजल उपचार संयंत्र, फायर पंप और फर्नीचर आदि को उनकी मूल स्थिति में बहाल करने के लिए मरम्मत पर खर्च की गई 80,25,228.00 रुपये की राशि

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

को आय और व्यय खाते में रखा गया है। चूंकि दावे का निपटान अभियोग के अधीन है और बीमा कंपनी द्वारा दावे की स्वीकार्यता को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, इसलिए कोई आय दर्ज नहीं की जा सकी है क्योंकि प्राप्य दावे की राशि अभी भी सुनिश्चित नहीं है।

आईटी उपकरण और अन्य परिसंपत्तियों पर मूल्यहास नहीं लगाया गया है जो बाढ़ की तारीख यानी 18/08/2019 में पूरी तरह नष्ट हो गए थे, तथा इन परिसंपत्तियों को अनुसूची 5(बी) में अलग–अलग चिन्हित किया गया है, जब तक की सक्षम प्राधिकारी से उसे बट्टे खाते में डालने की मंजूरी नहीं मिल जाती।

ix) 8,57,898 रुपये के पुराने चेक, जिनकी वैधता वर्ष के अंत में समाप्त हो गयी, जारी किए गए परंतु प्रस्तुत नहीं किए गए। उक्त राशि को इस संबंध में निर्धारित प्रक्रियाओं के लंबित निष्कर्ष के लिए उपयुक्त व्यक्तिगतध्पक्षों के खातों में जमा किया जाना बाकी है। इसके अलावा रु 1,77,517.00 के पिछले वर्षों से संबन्धित चेक जमा किए गए लेकिन उनका निष्पादन नहीं हुआ, की जांच चल रही थी जो की पूरी हो चुकी है, लेकिन लेखांकन प्रविष्टियों को संबंधित केंद्र से प्रासंगिक रिकॉर्ड प्राप्त करने पर पारित किया जाएगा।

ग) मुख्यालय के मामले में

i) दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मुख्यालय के निर्माण के लिए सेक्टर 8, द्वारका, नई दिल्ली में नाइलिट को 4277. 88 वर्ग मीटर का एक प्लॉट आवंटित किया है और 45.07 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। जमीन की अंतिम लागत को डीडीए द्वारा अंतिम रूप दिया जाना शेष है ।

ii) श्री सुबोध राज और श्री रामनिवास शर्मा द्वारा जिला उपभोक्ता निवारण फोरम, जयपुर में शिकायत दर्ज की जा रही है। नाइलिट ने जिला फोरम में 21,000/– रुपये की सावधि जमा, राशि जमा की है। अब यह मामला राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नई दिल्ली में मुकदमा संख्या आरपी/1957/2019 के तहत लंबित है। एनसीडीआरसी पोर्टल के अनुसार, सुनवाई की तारीख 03/06/2021 तय की गई थी, लेकिन उस तारीख को कोविड प्रतिबंधों के कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। सुनवाई की अगली संभावित तारीख फरवरी 2022 है।

घ) शिलांग केंद्र के मामले में

i) हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एचएससीएल) से मोबिलाइजेशन अग्रिम की वसूली की प्रक्रिया वर्ष के दौरान बताई गई है और इंडियन बैंक, रसेल स्ट्रीट शाखा कोलकाता की बैंक गारंटी संख्या 003641आईजीआई0000019 के नकदीकरण के माध्यम से 2,02,00,000/– रुपये की वास्तविक राशि की वसूली की गई है ।

ii) निम्नलिखित राशियाँ प्राप्य हैं, और जहाँ तक वसूली का संबंध है, मामले को नाइलिट मुख्यालय द्वारा देखा जाता है:

क) एससीएसपी–टीएसपी योजना के तहत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एससी/एसटी दावे के सापेक्ष एमईआईटीवाई से 44,13,004/ – रुपये (चवालीस लाख तेरह हजार चार रुपये मात्र) प्राप्त होने हैं।

वित्तीय वर्षवार राशि का विभाजन निम्नानुसार है।

वित्त वर्ष 2019–20– 40,73,605/– रुपये

वित्त वर्ष 2020–21– 3,39,399/– रुपये

ख) वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान राज्य सरकार मेघालय के विभिन्न स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों के कंप्यूटर अवधारणाओं पर पाठ्यक्रम (सीसीसी) प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) से 9,64,506/– रुपये (नौ लाख चार हजार पांच सौ छह रुपये मात्र) प्राप्य है।

ग) वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान राज्य सरकार के कार्मिकों के लिए क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायक योजना के अंतर्गत आईटी और डिजिटल सेवाओं (डिजिटल भुगतान और जीएसटी सहित) पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्रालय (एमओडीओएनईआर) से 7,43,008/– रुपये (सात लाख तैंतालीस हजार आठ रुपये मात्र) प्राप्य है ।

iii) नवम्बर, 2019 में जेआरडीओ परीक्षाएँ और जनवरी, 2020 में एमएसआरएलएस परीक्षाएँ आयोजित करने के लिए,

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

नाइलिट तुरा विस्तार केंद्र के कम्प्यूटर लैब को किराए पर लेने के लिए 'गायत्री एंटरप्राइजेज' से 48,557/– रुपये (अड़तालीस हजार पांच सौ सत्तावन रुपये मात्र) प्राप्य हैं ।

iv) ईपीएफओ, शिलांग के निर्देशों के अनुसार इंफोटेक सोल्यूशन के 73,965/– रुपये (तिहत्तर हजार नौ सौ पैंसठ रुपये मात्र) की राशि रोक दी गई है और ईपीएफओ, शिलांग से निकासी पत्र प्राप्त करने के बाद ही जारी की जाएगी।

v) वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के दावे के लिए प्राप्य राशि के सापेक्ष नाइलिट मुख्यालय से 40,00,000/– रुपये (चालीस लाख रुपये मात्र) की राशि अग्रिम के रूप में ली गई है। यह राशि नाइलिट मुख्यालय के अंतर केंद्र खाता बही में दर्शायी जा रही है।

iv) छात्रों से एकत्रित परिभाव्य धन के लिए रु 9,94,030/– (नौ लाख चौरानबे हजार तीस रुपये मात्र) की राशि देय है ।

ड़) औरंगाबाद केंद्र के मामले में

i) खातों से यह पता चलता है कि टीडीएस प्राप्य खातों के संबंध में वित्तीय वर्ष 2015–16 के अलावा वित्तीय वर्ष 2013–14 से 2014–15 तक बहुत पुराने शेष हैं और आवश्यक प्रविष्टियों को पारित किया जाना आवश्यक है जिसकी कुल धनराशि रु. 40,28,605/– है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्रधान कार्यालय के परामर्श से की जानी चाहिए।

वर्ष के दौरान वित्तीय वर्ष 2016–17, 2017–18 और 2018–19 के लिए प्रधान कार्यालय से कुल 45,74,077/– रुपये का टीडीएस रिफंड प्राप्त हुआ।

iii) यह देखा गया है कि जमा खाते और सुरक्षा जमा खाते में लंबे समय से विभिन्न पक्षों के नाम पर अग्रिम राशि पड़ी हुई है । मामले में आवश्यक कार्रवाई की जरूरत है।

च) अजमेर के मामले में

i) रु.4,21,820/– की राशि जो चालू आस्तियों के अधीन 'ओ' लेवेल से अर्जित आय के रूप में दर्शायी गई है, वित्त वर्ष 2015–16 से लंबित है।

ii) एमओपीआर परियोजना पर रु 3,32,000/–, ग्रामीण युवा परियोजना पर रु 4,96,800/–, अन्य से अग्रिम पर रु 25,550/– एवं रु 30,300/– की बीसीसी परीक्षा व्यय देय और बुक फीस रिटर्न अकाउंट एससी/एसटी (1601) के बारे में हमें बताया नहीं गया है, यह हमारे द्वारा असत्यपित है।

iii) हेड स्टेल चेक खाते के तहत रु 2,25,512/– की राशि, वर्तमान देनदारियों के अंतर्गत लंबे समय से बकाया है, जिस पर उपयुक्त कारवाई की आवश्यकता है।

iv) डीजीईटी परीक्षा के देनदारों में रु 3,99,660/– शामिल हैं जो 3 साल से भी अधिक समय से बकाया है। इसके लिए हमारे सामने कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया था, इसलिए यह हमारे द्वारा असत्यापित है। औरंगाबाद केंद्र से रु 5,39,948/– की राशि को वसूली योग्य दर्शाया गया है। हमें यह सूचित किया जाता है कि उस केंद्र से कुछ भी वसूल करने योग्य नहीं है।

v) रु 26,05,325/– की राशि को टीडीएस प्राप्य के रूप में मौजूदा परिसंपत्तियों के तहत दिखाया गया है, जिसके लिए उपयुक्त समायोजन की आवश्यकता है, क्योंकि टीडीएस का दावा मुख्यालय द्वारा किया गया है।

vi) वित्त वर्ष 2020–21 के लिए जीएसटी ऑडिट की प्रक्रिया चल रही है और अभी तक पूरी नहीं हुई है।

vii) तुलन पत्र (पाली) में देयता के रूप में दर्शाए गए रु. 5804/– की जीएसटी राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है।

छ) अगरतला केंद्र के मामले में

i) वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान पूंजीगत वस्तुओं की खरीद के लिए 2019–20 के दौरान दिए गए आपूर्ति आदेश के सापेक्ष संचित बचत निधि की राशि 12,95,807/– (बारह लाख पचानवे हजार आठ सौ सात रुपये मात्र) का उपयोग किया गया है। कोविड–19 महामारी के कारण आपूर्ति श्रंखला बुरी तरह प्रभावित हुई और माल वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान प्राप्त हुआ ।

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

ज) गुवाहाटी केंद्र के मामले में

i) टीडीएस, आईटी अधिनियम 1962 के तहत, बैंकों के साथ सावधि जमा से अर्जित ब्याज पर और डीजीईटी प्राप्तियों से टीडीएस की राशि क्रमशः रु 15,03,884/– और रु 10,20,335/– अन्य वर्तमान परिसंपत्तियों के तहत दिखाया गया है। इसे अभी तक नाइलिट (मुख्यालय) को हस्तांतरित नहीं किया गया है।

4. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 के अधीन संचित बचत का उपयोग 31.03.2021 तक संचित बचत के उपयोग का विवरण:

1. नाइलिट ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 के तहत रु 41,65,77,912.00 की राशि निर्धारित की थी।
2. संबंधित नाइलिट केन्द्रों के लेखा परीक्षित लेखों के अनुसार, नाइलिट ने 31/03/2020 तक(निर्धारित अवधि के भीतर) रुपये 41,65,77,912.00 के सापेक्ष रुपये 38,30,15,914/– (अड़तीस करोड़ तीस लाख पंद्रह हजार नौ सौ चौदह रुपये मात्र) की राशि का उपयोग किया था और 3,35,61,998/– रुपये की शेष राशि का उपयोग वित्तीय वर्ष 2020–2021 के दौरान नीचे दिए गए विवरण के अनुसार किया गया है–

क्र.सं.	केंद्र का नाम	वित्त वर्ष 2014–15 हेतु संचित बचत का उपयोग			31.03.2021 तक उपयोग में लायी गयी कुल राशि
		वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान प्रयुक्त	वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान प्रयुक्त	दिया गया आपूर्ति आदेश/लॉकडाउन, कोविड के कारण वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान पूंजी प्रतिबद्धता, प्राप्त की गयी आपूर्ति, वित्त वर्ष 2020–2021 के दौरान पूंजी प्रतिबद्धता का निर्वहन	
1	2	3	4	5	6=(3+4+5)
1	श्रीनगर/जम्मू	–	101,9,64,102	109,000	102,073,102
2	चेन्नई		39,554,178		39,554,178
3	अगरतला	4,907,679	6,504,193	1,295,807	12,707,679
4	इम्फाल		13,277,000		12,190,000
5	आइजोल	4,719,000	7,471,000		12,190,000
6	कोहिमा		3,310,000		3,310,000
7	कालीकट	3,480,392	38,139,468	9,757,780	51,377,640
8	गोरखपुर		14,069,353		14,069,353
9	पटना		724,000		724,000
10	कोलकाता		12,942,924		12,942,924
11	चंडीगढ़	180,175	9,027,633	6,922,367	16,130,175
12	औरंगाबाद	29,001,804	44,389,865	'11,711,057	85,102,726
13	मुख्यालय	34,882,161	7,512,303	9,090,917	51,485,381
14	नई दिल्ली		6,958,684		6,958,684

J.P. KHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

	कुल	77,171,211	305,844,703	38,886,928	421,902,842
	संपूर्ण निर्धारित निधि के उपयोग के लिए आवश्यक राशि।	77,171,211	305,844,703	33,561,998	416,577,912

* इसमें वित्तीय वर्ष 2017–18 में औरंगाबाद केंद्र द्वारा खर्च किए गए रु 6,67,061/– का उपयोग शामिल है, जो वित्तीय वर्ष 2017–18 के संचित बचत चार्ट के उपयोग में नहीं बल्कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में रिपोर्ट किया गया था।

3. वर्ष 2020–2021 के दौरान, नाइलिट ने वित्तीय वर्ष 2014–15 में संचित राशि में से 3,88,86,928/– रुपये का उपयोग किया है (3,35,61,998/– रुपये की आवश्यक राशि के सापेक्ष)। केंद्रवार विवरण इस प्रकार है:–

क्र.सं	नाइलिट केंद्र का नाम	वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान प्रयुक्त राशि
1	श्रीनगर एवं जम्मू	1,09,000
2	अगरतला	12,95,807
3	कालीकट	97,57,780
4	चंडीगढ़	69,22,367
5	औरंगाबाद	1,17,11,057
6	मुख्यालय	90,90,917
	कुल	**3,88,86,928**

4. इस संबंध में, नाइलिट ने आयकर प्राधिकारी के समक्ष दिनांकित 03/01/2021 को आवेदन किया था जिसमें नाइलिट को इस उद्देश्य हेतु धनराशि रु. 3,35,61,998/– की आय की दिशा में आवेदन किए जाने की स्वीकृत थी। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11(3) (ग) के तहत वर्ष 2020–2021 के वित्त वर्ष में नहीं देखा गया था तथा न ही इसे गत वर्ष 2019–2020 में नाइलिट (लॉकडाऊन/कोविड) के नियंत्रण से परे स्थितिवश सम्मिलित किया गया।

5. **राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर)**

(क) आकस्मिक देयताएं:

i) दिनांक 26 सितंबर, 2017 को हुई नाइलिट की अधिशासी परिषद की 35वीं बैठक में, जैसा निर्णीत था की एमएसपी द्वारा उद्धृत 4.3% फीसदी की डिजिटल दर की एलआरयूआर की लागत में कटौती किए बिना डाटा डिजिटलीकरण कार्य के भुगतान के लिए माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष मेसर्स एसआरईआई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड द्वारा मध्यस्थता याचिका दायर की गयी थी। 23 अप्रैल 2020 को दावेदार के पक्ष में मध्यस्थ ने 11,23,31,726/– रुपये की राशि 11% प्रतिवर्ष की दर के साथ 04.06.2015 तिथि से वर्तमान तिथि तक भुगतान करने का फैसला सुनाया।

क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है:

(क) क्षेत्र सं 8–11 (बिहार) रु 2,83,48,309/–
(ख) क्षेत्र सं 62 (यूपी) रु 1,94,88,226/–
(ग) क्षेत्र सं 61 (यूपी) रु 2,51,65,706/–
(घ) क्षेत्र सं 2,3 एवं 4 रु 3,93,29,485/–
कुल रु 11,23,31,726/–

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम 1996 की धारा 34 के तहत, नाइलिट द्वारा 23.04.2020 के मध्यस्थता के फैसले को रोकने और चुनौती देने के लिए मध्यस्थता याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। उक्त मामले में सुनवाई की अगली तारीख 01/12/2021 निर्धारित की गई है।

इसके अलावा, मेसर्स एसआरईआई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड ने भी नाइलिट के खिलाफ नई दिल्ली में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की है जिसमें एकमात्र मध्यस्थ द्वारा दिनांक 23/04/2020 के मध्यस्थता अधिनिर्णय के निष्पादन की मांग की गई है। मामले में सुनवाई की अंतिम तिथि 04/02/2021 थी और माननीय अदालत ने मामले को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है।

चंडीगढ़ केंद्र के मामले में

(ii) मेसर्स अवास इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में आवंटित तीन जोन 52, 56 और 57 के डाटा डिजिटाइजेशन कार्य के संबंध में 6,01,26,36 रुपये के बकाया भुगतान को जारी करने के संबंध में सिविल रिट याचिका दायर की गई है। जिसका भुगतान नाइलिट चंडीगढ़ द्वारा किया गया था, लेकिन ऋण वसूली न्यायाधिकरण, विशाखापत्तनम के आदेशों के अनुसार रोक दिया गया था । 6,01,26,368/— रुपये का अंतिम देय भुगतान मैसर्स अववास इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड को 3/11/2020 को माननीय ऋण वसूली न्यायाधिकरण, विशाखापत्तनम दिनांक 23/10/2020 के आदेशों के अनुसार जारी किया गया था, जिसके द्वारा आईए 327/2018 में कुर्की आदेश खाली कर दिए गए थे।। भुगतान जारी करने से पहले इस मामले में अधिवक्ता से कानूनी राय भी मांगी गई थी।

मेसर्स आवास इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उक्त मामले को वापस नहीं लिया है और कार्य अनुबंध पत्र में उल्लिखित कुल अनुमानित लागत के अनुसार शेष राशि का दावा करने के लिए न्यायालय में आवेदन किया है जो कि रु11,02,16,360/— है। मेसर्स अवास इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड को दंड की कैपिंग और एलआरयूआर सुधार लागत की मात्रा निर्धारित करने के संबंध में शासी परिषद, नाइलिट के निर्णय के अनुसार रु 7,11,48,004/— (रु. 1,10,21,636/— अग्रिम भुगतान के रूप में और रु. 6,01,26,368/— 03/11/2020 को) की राशि का भुगतान किया गया है। उक्त मामले में सुनवाई की अगली तिथि 03/11/2020 है।

इसके अलावा मेसर्स अवास इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बैंग्लोर के एक इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल से 28/09/2021 को मेसर्स अवास इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड के कॉर्पोरेट देनदार खाते में 2,81,91,612/— रुपये का भुगतान जारी करने के लिए डिमांड/रिकवरी नोटिस प्राप्त किया गया है । नोटिस का उत्तर प्रक्रियाधीन है।

गोरखपुर केंद्र के मामले में

(iii) नाइलिट गोरखपुर 7,24,77,407.00 रुपये के दावे के खिलाफ एकमात्र मध्यस्थ न्यायमूर्ति जी रोहिणी के माननीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष मेसर्स एसआरईआई इंफ्रास्ट्रक्चर्स फाइनेंस लिमिटेड और नाइलिट के बीच मध्यस्थता के मामले में प्रतिवादी है जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में देयता का भुगतान हो सकता है।

(iv) एनपीआर परियोजना के प्रति देयता में एमएसपी को देय राशि उनके बिलों/चालानों के आधार पर शामिल है। हालांकि, एमएसपी के चालानों की गणना 6,48,18,991 रुपये/— लगाए गए जुर्माने को अनुसूची–8 के तहत देनदारियों के रूप में रखा गया है, जो आरएफपी की अवधि के दंड खंड के अनुसार एमएसपी के लिए जुर्माना शुल्क की ओर देनदारियों के रूप में रखा गया था।

(ख) चालू परिसंपत्तियां, ऋण और अग्रिमः

प्रबंध वर्ग की राय के अनुसार, चालू परिसंपत्तियों, ऋणों तथा अग्रिमों को उस मूल्य पर बताया गया है जिस पर उसे व्यवसाय की सामान्य प्रक्रिया में वसूल किया जाएगा ।

(ग) इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग (अब माइटी) ने अपने पत्र संख्या एफएनओ 7(2) 2011–ईजी–1 दिनांक 05/04/2011 के द्वारा 17 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के संबंध में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के सृजन हेतु जनसांख्यिकीय डेटा डिजिटाइजेशन और बायो–मेट्रिक डेटा संग्रह का काम सौंपा है। आरजीआई ने उनके दिनांक 27.06.2012 के डीओ संख्या 9/83/2010–सीआरडी (एनपीआर) के माध्यम से नाइलिट से बायो–मेट्रिक डेटा डिजिटलीकरण के कार्य को वापस ले लिया है।

(घ) भारत के रजिस्ट्रार जनरल के कार्यालय ने राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर परियोजना के निष्पादन के लिए नाइलिट को रु.522.24 करोड़ की अग्रिम धनराशि जारी की थी। डाटा डिजिटाइजेशन (एनपीआर परियोजना) की कुल लागत लगभग रु.569 करोड़ है।

J.P. CHAWLA & CO. LLP NEW DELHI CHARTERED ACCOUNTANTS

(ड़) डेटा डिजिटलीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अंतिम डिजिटाइज्ड डेटा अक्टूबर, 2013 के दौरान आरजीआई को सौंप दिया गया है। हालांकि, एमएसपी (प्रबंधित सेवा प्रदाता) को भुगतान पहले नहीं किया जा सका, क्योंकि, नाइलिट ने एमएसपी द्वारा प्रस्तुत किए गए बिलों के समक्ष आरएफक्यू (कोटेशन के लिए अनुरोध) के अनुसार जुर्माना लगाया था जिसका एमएसपी द्वारा, विरोध किया गया था। आगे आरजीआई (भारत के रजिस्ट्रार जनरल) द्वारा एलआरयूआर (सामान्य निवासियों का स्थानीय रजिस्टर) के सुधार के कार्य को भी वापस ले लिया गया। जुर्मानो और एलआरयूआर सुधार लागत के निपटारे से संबंधित मामला नाइलिट के सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखा गया था। सक्षम प्राधिकारी ने निम्नानुसार अनुमोदन दिया था:

(i) एलआरयूआर सुधार लागत की कटौती के बाद एमएसपी को पारदर्शी और उत्तरदायी तरीके से भुगतान जारी किया जाना चाहिए, जिसे एमएसपी द्वारा उद्धृत डिजिटलीकृत दर का /4.3% निर्धारित किया गया है।

(ii) एलआरयूआर सुधारों के कारण कटौती की गई लागत को आरजीआई को वापस किया जाना है।

(iii) एलआरयूआर वापस लेने के कारण कार्यक्षेत्र मे परिवर्तन और भुगतान से संबंधित नियम और शर्तों में परिवर्तन के कारण एमएसपी के साथ हुए समझौतों को संशोधित करना।

(च) सक्षम प्राधिकारी के निर्णयों के अनुसार, एलआरयूआर सुधारों के कारण लागत में की गई कटौती को "चालू देयताओं और प्रावधानों" के अंतर्गत उप शीर्ष प्रमुख देयताएं–एलआरयूआर (एनपीआर) के अंतर्गत गणना में लिया गया है।

(छ) रु.331.58 करोड़ की ब्याज धनराशि अर्जित/अप्रयुक्त अग्रिम राशि को देयताओं व आरजीआई से गिल्ड लाइनों की अनुपस्थिति में ब्याज आय के रूप में लेखांकित नहीं किया जाने के अंतर्गत निर्धारित किया है।

(ज) जून 2014 के दौरान चंडीगढ़ के एससीओ 114–116 सेक्टर 17बी में नाइलिट चंडीगढ़ केंद्र के कब्जे वाले कार्यालय भवन में बड़ी आग लग गई। वित्तीय वर्ष 2015–2016 में हानि/बट्टे खाते के संबंध में उचित लेखा प्रविष्टियां दर्ज की गई हैं। आग लगने के कारण केंद्र ने एनपीआर रिकॉर्ड/परिसंपत्तियों सहित सभी अवसंरचनाओं को खो दिया।

(झ) एनपीआर परियोजना के संबंध में सभी एनपीआर प्रतिभागी नाइलिट केंद्रों द्वारा दिनांक 01.04.2012 से अलग खाताबहियाँ रखी गयी हैं, और वित्त वर्ष 2012–2013 से अलग वार्षिक खाता तैयार किया गया है।

(ञ) परियोजना के निष्पादन में शामिल कार्य 2013 में पूरा हो चुका है, लेकिन एमएसपी (प्रबंधित सेवा प्रदाता) को भुगतान नहीं किया जा सका क्योंकि एमएसपी द्वारा प्रस्तुत बिलों के सापेक्ष आरएफक्यू (कोटेशन के लिए अनुरोध) की शर्तों के अनुसार नाइलिट द्वारा लगाया गया दंड एमएसपी द्वारा विवादित था । इसके अलावा, सामान्य निवासियों के स्थानीय रजिस्टर (एलआरयूआर) कनेक्शन का काम बाद में आरजीआई (भारत के रजिस्ट्रार जनरल) द्वारा वापस ले लिया गया था। पेनाल्टी एलआरयूआर सुधार लागत के निपटान से संबंधित मामला प्रबंधन बोर्ड के समक्ष उठाया गया ।

प्रबंधन बोर्ड की सिफारिशों पर, नाइलिट की शासी परिषद ने 26 सितंबर 2017 को आयोजित अपनी 35वीं बैठक में एनपीआर परियोजनाओं के संबंध में निम्नलिखित निर्णय दिए थे: –

क) शासी परिषद सैद्धांतिक रूप से एलआरयूआर सुधारों के लिए राशि घटाने के बाद अनुबंध मूल्य के 25% की देरी के कारण दंड को सीमित करने के लिए सहमत हुई और काम की खराब गुणवत्ता के लिए अन्य दंड अनुबंध के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार लगाया जाएगा।

ख) शासी परिषद ने आगे मंजूरी दी कि एलआरयूआर सुधार लागत में कटौती के बाद पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से एमएसपी को भुगतान जारी किया जाएगा, जिसने एमएसपी द्वारा उद्धृत डिजीटल दर का 4.3% निर्धारित किया है। एलआरयूआर सुधारों के कारण काटी गई लागत वापस आरजीआई को लौटा दी जाएगी।

शासी परिषद के निर्णयों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017–18 और वित्तीय वर्ष 2018–19 में एमएसपी का भुगतान कार्य पूरा होने में देरी के कारण और एलआरयूआर लागत के निदेशन से जुर्माने की सीमा को ध्यान में रखते हुए देय राशि की पुनर्गणना के बाद किया गया है। आरजीआई को वापस करने के लिए आवश्यक एलआरयूआर सुधारों के कारण कटौती की गई लागत को "वर्तमान देनदारियों और प्रावधान" के तहत उप–शीर्ष "अन्य देयताएं–आरजीआई को देय एलआरयूआर" के तहत और खाते में कटौती की गई दंड की राशि के तहत दिखाया गया है और मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार एमएसपी का भुगतान उप–शीर्ष "प्रतिधारण धन–दंड" और "वर्तमान देयताएं और प्रावधान" के तहत दर्ज किया गया है।

6. हम एतदद्वारा पुष्टि करते हैं कि, प्रबंधन द्वारा एकत्र की गई सूचना के आधार पर ऐसी पार्टियों की पहचान के अनुसार संस्था की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 7(1) में निर्दिष्ट सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के अंतर्गत आने वाली किसी भी पार्टी को कोई भी धनराशि देय नहीं है।
7. देनदारों और लेनदारों, ऋणों और अग्रिमों को बहियों में उस मूल्य पर बताया गया है जो वसूली योग्य/देय हैं। हालांकि, पार्टियों से पुष्टि प्रक्रिया में है।
8. आंकड़े नजदीकी रुपए में राउंड ऑफ किए गए हैं।
9. पिछले वर्ष के आंकड़ों को वर्तमान वर्ष के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए आवश्यकता के अनुसार पुनः सामूहीकृत/वर्गीकृत किया गया है ।
10. विभिन्न केंद्रों के डेटा एकीकरण के दौरान, श्रेष्ठतर और निष्पक्ष प्रस्तुति के लिए शीर्षक/समूहों को पुनः व्यवस्थित किया गया है।
11. विभिन्न केन्द्रों के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधन के विवेक अनुसार केवल महत्वपूर्ण टिप्पणियों को इन समेकित वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत किया गया है, गैर महत्वपूर्ण टिप्पणियों के लिए प्रत्येक केंद्र के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण का संदर्भ लिया जा सकता है।
12. नाइलिट में 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए स्रोत पर कर की कटौती का आयकर विभाग द्वारा जारी फॉर्म 26एएस के साथ समाधान किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।
13. पूर्व अवधि और अतिरिक्त साधारण मदें :

औरंगाबाद केंद्र

वर्तमान वर्ष के आय–व्यय लेखा में पिछले वर्ष से संबंधित लेन–देन दर्शाया गया है। विवरण इस प्रकार हैं:

पूर्व अवधि आय:

i) छात्रावास किराया	रु 27,300/–
ii) व्युत्क्रमण के कारण मूल्यह्रास का प्रावधान	रु 25,000/–
iii) परीक्षा व्यय की प्रतिपूर्ति	रु 5,17,142/–

अजमेर केंद्र

(i) पूर्व वर्ष से संबन्धित लेनदेन आय और व्यय लेखा में दर्शायी गई है।

पूर्व अवधि आय	रु 13,67,964/–(अजमेर)
पूर्व अवधि का खर्च	रु.422/–(अजमेर) तथा रु.7992/–(पाली)

(ii) पाली केंद्र की आय 38050/– रुपये (जीएसटी सहित) जीएसटी रिटर्न में शामिल नहीं थी।

14. केंद्र उपलब्ध नकदी, चालू खाते में शेष, अल्पकालिक जमा, के मामले में प्राप्ति और भुगतान खातों को तैयार करने में सुव्यवस्थित नीति का पालन नहीं करते हैं जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 31–3–2021 के तुलन–पत्र और प्राप्ति और व्यय खाते में में दर्शायी गई उपलब्ध नकदी, चालू खाते में शेष, अल्पकालिक जमाओं व दीर्घकालिक जमाओं के अंतिम शेष के बीच कुछ समाधान अंतर होता है। इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.3.2020 तक प्राप्तियाँ और भुगतान खाते में नकद और बैंक शेष राशि अथशेष और अंतशेष के बीच कुछ समाधान अंतर है ।

कृते जे पी चावला एण्ड कं.
(शासपत्रित लेखाकार)
एफआरएन –001875एन/एन500025

हस्ता
(हिमानीष राय)
मुख्य वित्त अधिकारी

हस्ता
(जयदीप कुमार मिश्रा)
महानिदेशक

हस्ता
(सीए रजत चावला)
भागीदार
स.सं. 510745

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.12.2021

संक्षिप्ताक्षर

एआईसीटीई अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद। **बीसीए** कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक। **बीआई–ए** जैव सूचना विज्ञान ए–स्तर। **बीआई–ओ** जैव–सूचना–विज्ञान–ओ–स्तर। **बीपीओ** व्यवसाय प्रक्रिया आउटसोर्सिंग। **बीसीसी** मूलभूत कंप्यूटर पाठ्यक्रम। **सीएसएसपी** प्रणाली सुरक्षा कार्मिक। **सीसीएफपी** प्रमाणित कंप्यूटर फोरेन्सिक कार्मिक। **सीआईएसएसए** प्रमाणित सूचना प्रणाली सुरक्षा ऑडिटर **सीएसएसएसडी** प्रमाणित प्रणाली सुरक्षा समाधान डिजाइनर। **सीवीओ** मुख्य सर्तकता अधिकारी। **सीसीसीए** कंप्यूटर अनुप्रयोगों सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम। **सीएचएम–ओ**–स्तर कंप्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण–ओ स्तर। **सीएचएम–ए**–स्तर कंप्यूटर हार्डवेयर अनुरक्षण–ए–स्तर। **सीसीसी** कंप्यूटर अवधारणा पाठ्यक्रम। **ईसीसी** विशेषज्ञ कंप्यूटर पाठ्यक्रम। **सीईडीटीआई** भारतीय इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र। डीपीआर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट। **डीईपीएम** इलेक्ट्रॉनिकी उत्पादन व अनुरक्षण में डिप्लोमा। **डोनर** उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय विभाग। **डीआईटी** सूचना प्रौद्योगिकी विभाग। **ईएसडीएम** इलेक्ट्रॉनिकी प्रणाली डिजाइन एवं विनिर्माण। **एचटीसीएस** हार्डवेयर तकनीकी परामर्श योजना। **आईसीटी** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी। **आईईसीटी** सूचना इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार प्रौद्योगिकी। **आईटीईएस** सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं। **आईटी** सूचना प्रौद्योगिकी। **जेएंडके** जम्मू तथा कश्मीर। **एमईआईटीवाई** इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय। **एमसीए** कंप्यूटर अनुप्रयोग निष्णात। **नाइलिट** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान। **एनसीपीयूएल** राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद। **एनपीआर** राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर। **पीजीडीसीए** कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **पीएसयू** सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम। **पीएमसी** परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता। **आरजीआई** भारत के महापंजीयक। **आरएंडडी** अनुसंधान एवं विकास। **एससी** अनुसूचित जाति। **एसटी** अनुसूचित जनजाति। **वीएलसी** वर्चुअल अधिगम केन्द्र। **एनडीएलएम** राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन। **एनबीसीसी** राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम। **सीपीडब्ल्यूडी** केंद्रीय लोक निर्माण विभाग। **एमबी** प्रबंधन बोर्ड। **जीसी** अधिशाषी परिषद। **एफएंडए** वित्त एवं लेखा समिति की बैठक।

उमंग ऐप
पर
नाइलिट सेवाएं



- पंजीकरण की स्थिति जाँचे
- पूर्ण छात्र पंजीकरण फॉर्म
- प्रतिपूर्ति योजना के बारे में
- एडमिट कार्ड डाउनलोड
- परिणाम डाउनलोड/देखें
- ई–प्रमाणपत्र
- ई–अंकपत्र
- छात्र पंजीकरण फार्म
- छात्र पंजीकरण सह परीक्षा फॉर्म
- नाइलिट केंद्र
- लॉगिन बनाएं
- प्रत्यायित संस्थान
- प्रशिक्षण कैलेंडर
- परीक्षा फॉर्म के लिए आवेदन
- पाठ्यक्रम
- ई–सामग्री तथा अन्य

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय)

नाइलिट भवन, प्लॉट नं. 3, पीएसपी पॉकेट, सेक्टर–8, द्वारका, नई दिल्ली–110077, फोनः– 91–11–2530 8300
कॉल सेन्टर नं.: 011–25308303 वेबसाइटः– **www.nielit.gov.in** ईमेलः– contact@nielit.gov.in